CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 43 | अंक -83 | राजनांदगांव, गुरूवार 08 फरवरी 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए




## उत्तराखंड ने रचा इतिहास, विधानसभा में ध्वनिमत से पास हुआ देश का पहला यूसीसी बिल



देहरादून। उत्तराखंड ने आज इतिहास रच दिया। आजादी के बाद देश का पहला समान नागरिक संहिता विधेयक उत्तराखंड 2024 विधानसभा में पास हो गया। दो दिन लंबी चर्चा, बहस और तर्कों के बाद बुधवार की शाम सदन में विधेयक ध्वनिमत से पास हुआ। विपक्ष ने चर्चा के दौरान बिल प्रवर समिति को भेजने की सिफारिश की थी। उसका यह प्रस्ताव भी ध्वनिमत से खारिज हो गया।

इसके बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस बिल से समाज का भेदभाव, कुरीतियां खत्म होंगी। कहा, इस कानून में संशोधन की भी गुंजाइश होगी। पास होने के बाद अब बिल राज्यपाल के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा जाएगा, जहां से मुहर लगने के बाद यह कानून राज्य में लागू हो जाएगा। सभी विधिक प्रक्रिया और औपचारिकताएं पूरी करने के बाद यूसीसी लागू करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य बनेगा।

विधेयक में सभी धर्म-समुदायों में विवाह, तलाक, गुजारा भत्ता और विरासत के लिए एक कानून का प्रावधान है। महिला-पुरुषों को समान अधिकारों की सिफारिश की गई है। अनुसूचित जनजातियों को इस कानून की परिधि से बाहर रखा गया है।

विधेयक पर चर्चा के दौरान नेता सदन मुख्यमंत्री धामी ने कहा, देश के पहले गांव माणा में संवाद से ड्राफ्ट समिति ने इसकी शुरुआत की थी। उन्होंने अब अन्य राज्यों को भी इस दिशा में प्रयास करने का आह्वान करते हुए कहा, जिस प्रकार गंगा सबके लिए सुखदायी है, वैसे ही यूसीसी भी मातृशक्ति व पूरे समाज के लिए सुखद होगा।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा, विधानसभा चुनाव के दौरान 12 फरवरी 2022 को उन्होंने जनता के सामने दोबारा सत्ता में आने पर समान नागरिक संहिता कानून लाने का संकल्प लिया था। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### जाति, धर्म व पंथ के रीति- रिवाजों से छेड़छाड़ नहीं

विधेयक में शादी, तलाक, विरासत और गोद लेने से जुड़े मामलों को ही शामिल किया गया है। इन विषयों, खासतौर पर विवाह प्रक्रिया को लेकर जो प्राविधान बनाए गए हैं उनमें जाति, धर्म अथवा पंथ की परंपराओं और रीति रिवाजों से कोई छेड़छाड़ नहीं की गई है। वैवाहिक प्रक्रिया में धार्मिक मान्यताओं पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। धार्मिक रीति-रिवाज जस के तस रहेंगे। ऐसा भी नहीं है कि शादी पंडित या मौलवी नहीं कराएंगे। खान-पान, पूजा-इबादत, वेश-भूषा पर भी कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

## विस सदन में गूंजा हसदेव का मुद्दा, पेड़ों की कटाई को लेकर विपक्ष का स्थगन प्रस्ताव, जमकर नारेबाजी




रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र का आज तीसरे दिन में हसदेव के जंगलों में पेड़ों की कटाई के मुद्दे को लेकर जमकर हंगामा हुआ। विपक्ष ने स्थगन प्रस्ताव देकर चर्चा की मांग की। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने स्थगन प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। इस पर विपक्ष ने सदन में जमकर नारेबाजी की। इस दौरान सदन की कार्यवाही पांच मिनट के लिए स्थगित कर दी गई। इसके बाद फिर से सदन शुरू होने पर विपक्ष ने चर्चा की मांग दोहराते हुए गर्भगृह में उतरकर सरकार के खिलाफ नारे लगाए।

सदन में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास ने कहा कि हसदेव क्षेत्र में सभी कोल ब्लॉक रद्द करने के लिए 26 जुलाई 2022 को संकल्प पारित किया गया था। उन्होंने कहा कि सरकार और मुख्यमंत्री बनने के पहले वन विभाग ने हसदेव में 15 हजार 307 पेड़ों को काटने की अनुमति दे दी। उन्होंने कहा कि विधानसभा ने अशासकीय संकल्प पारित कर दिया था, इस पर केंद्र सरकार को भी पत्र प्रेषित किया गया था, लेकीन इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। महंत ने कहा कि ये गंभीर समस्या है। हसदेव खत्म होने से बांगो बांध खत्म हो जाएगा। वन खत्म हो जाएगा।

हसदेव के संबंध में पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि इसी सदन में सर्वसम्मति से अशासकीय संकल्प पारित किया गया था। इसके बाद भी कटाई की अनुमति दे दी गई। ये कौन सी अदृश्य शक्ति है, जिसमें पेड़ों की कटाई की अनुमति दे दी गई। इससे वन्यजीव प्रभावित होंगे। बांगो बांध प्रभावित होने की वजह से कई जिलों की सिंचाई से प्रभावित होगा।




## 'अब इधर उधर नहीं होंगे', पीएम मोदी से मुलाकात के बाद बोले नीतीश कुमार



### सीटों के बंटवारे पर तोड़ी चुप्पी

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को दिल्ली में बीजेपी की टॉप लीडरशिप से मुलाकात की। नीतीश कुमार सबसे पहले पीएम मोदी से मिले, उसके बाद अमित शाह और फिर बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिले। जेपी नड्डा से मुलाकात के बाद नीतीश कुमार ने मीडिया में बड़ा बयान दिया। उन्होंने एनडीए को फिर से ज्वाइन करने पर प्रतिक्रिया दी।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा, हम (बीजेपी-जेडीयू) 1995 से एक साथ थे। बीच में 2 बार इधर-उधर जरूर हो गए, लेकिन अब फिर वहीं रहेंगे। अब इधर-उधर नहीं होंगे। एनडीए में सीटों के बंटवारे पर भी नीतीश कुमार ने चुप्पी तोड़ी। उन्होंने कहा कि इस पर चर्चा करने के पीछे कोई तर्क नहीं है। यह जल्द ही कर लिया जाएगा।

गौरतलब है कि बीते दिनों नीतीश कुमार ने भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के साथ फिर से पाला बदलते हुए (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## क्षेत्रवाद पर प्रहार, राजनीतिक स्वार्थ के चलते गढ़े जा रहे देश को तोड़ने के नए नैरेटिव



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष के कुछ लोगों की ओर से देश में क्षेत्र और जाति के आदि के आधार पर विभाजन पैदा करने वाली बातें फैलाए जाने के प्रयासों पर बुधवार को पीड़ा जताते हुये कहा कि देश की विकास के लिये इस तरह की बातें बंद हों और सब मिलकर काम करें।

श्री मोदी ने राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर लंबी चर्चा का जबाव देते हुये कहा, कुछ लोग राजनैतिक स्वार्थ के लिये देश को तोड़ने का बात (नैरेटिव) गढ़ते हैं। इससे पीड़ा होती है। यह राष्ट हमारे लिये जमीन का टुकड़ा नहीं, प्रेरणा देने वाली इकाई, शरीर है। जैसे शरीर के एक अंग में कांटा चुभ जाए तो आंसू आंख में आता है और कांटा निकालने के लिये हाथ वहां पहुंच जाता है।

प्रधानमंत्री ने राष्ट को एकांगी भाव से देखने की आवश्यकता पर बल देते हुये कहा कि जिस तरह शरीर का एक अंग काम करना बंद कर दे तो पूरा शरीर अपंग हो जाता है उसी तरह देश का एक कोना काम नहीं करता है तो पूरा देश प्रभावित होता है। उन्होंने कहा, क्या हिमालय यह कहना शुरू कर दे कि नदियां केवल मेरी हैं, क्या एक राज्य यह कह सकता है कि कोयला मेरा है बाकी क्षेत्र अंधेरे में रहें।

उन्होंने देश के विकास के लिये राज्यों के विकास को जरूरी बताते हुये कहा कि उनकी सरकार के 'कार्यक्रमों की रचना' सबको साथ लेकर चलने की है हम राज्य को उसका हक देना चाहते हैं। उन्होंने कोविड महामारी का मुकाबला करने, जी-20 सम्मेलन और पिछड़े जिलों के विकास के कार्यक्रमों की उल्लेखनीय सफलता करते हुये कहा कि यह सब राज्यों की भागीदारी के बिना संभव नहीं था।

श्री मोदी ने कहा कि जी-20 की एक बैठक दिल्ली में हुयी जबकि दो सौ बैठकें विभिन्न राज्यों में हुई, यह पूरी योजना के साथ राज्यों के सहयोग से हुआ। उन्होंने कहा कि वह हर विदेशी मेहमान से कहते हैं कि आप दिल्ली के अलावा, हमारे किसी राज्य में जरूर चलें! उन्होंने हाल में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की भारत यात्रा का जिक्र करते हुये कहा कि गणतंत्र दिवस की व्यवस्तताओं के बावजूद वह उन्हें लेकर जयपुर की गलियों में घूमे। प्रधानमंत्री ने कहा, पिछड़ा जिला कार्यक्रम की सफलता की दुनिया में चर्चा हो रही है। इसमें 80 प्रतिशत भूमिका राज्यों की है और इसमें जिलाधिकारियों का रोल महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के समय हमने टीम के रूप में काम किया मुख्यमंत्रियों के साथ मैंने 20 बैठकें कीं।

हम सबने मिलकर देश को बचाया। इसका श्रेय सबको जाता है।÷ उन्होंने कहा कि कोविड के समय पूर्वी क्षेत्र के राज्यों में तैयार मेडिकल ऑक्सीजन दूसरे राज्यों के लोगों के जान बचाने के लिये ले जायी गयी, उस समय पूर्वी राज्य ये तो नहीं कह सकते थे कि यह ऑक्सीजन केवल उनके लिये है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## श्रीनगर के शहीद गूंज में आतंकियों की नापाक हरकत, आम लोगों पर की गोलीबारी; अमृतसर के एक सिख की मौत



श्रीनगर। श्रीनगर से बड़ी खबर सामने आई है, जहां आतंकवादियों ने आम लोगों पर फायरिंग की है। इसमें अमृतसर के रहने वाले एक व्यक्ति अमृतपाल सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। जानकारी के मुताबिक अमृतपाल इस कदर घायल हुआ कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि इस गोलीबारी में एक अन्य व्यक्ति भी गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। इसके बाद इलाके की घेराबंदी कर दी गई है।

श्रीनगर में आतंकवादियों द्वारा अमृतसर के एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या किए जाने पर भाजपा नेता अल्ताफ ठाकुर का कहना है कि इससे साफ पता चलता है कि पाकिस्तान को कश्मीर में शांति पसंद नहीं है। वह कायरों की तरह रात के अंधेरे में गैर-स्थानीय लोगों पर हमला कर रहा है। यह मानव नहीं शैतान है।

## भोले-भाले लोगों के नाम पर कंपनी बना सरकार से इनपुट टैक्स क्रेडिट की करोड़ों की वसूली, 18000 करोड़ की जालसाजी का भंडाफोड़




नई दिल्ली। फर्जी कंपनी का गठन कर इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के नाम पर सरकार को करोड़ों रुपए का चूना लगाने का मामला लगातार सामने आ रहा है। चालू वित्त वर्ष 2023-24 के अप्रैल-दिसंबर में इस प्रकार के 1700 मामलों का वस्तु व सेवाकर खुफिया महानिदेशालय (डीजीजीआई) ने खुलासा किया है जिसके तहत सरकार को 18,000 करोड़ रुपए का चूना लगाने का प्रयास किया गया। इस संबंध में 98 लोगों को गिरफ्तार किया गया। ये लोग भोले-भाले लोगों के नाम पर कंपनी का गठन करते थे।

### जीएसटी संग्रह में बढ़ोतरी की संभावना

वित्त मंत्रालय के मुताबिक डीजीजीआई ने उन्नत टेक्नोलॉजी और डाटा विश्लेषण के आधार पर इस प्रकार की चोरी को पकड़ने में सफल रहा और इस दिशा में आगे भी प्रयास जारी है। वित्त मंत्रालय का मानना है कि जीएसटी संग्रह में अभी बढ़ोतरी की पूरी संभावना है क्योंकि अब भी वस्तुओं का होने वाली कुल खरीदारी व बिक्री के मिलान में काफी अंतर पाया जा रहा है।

डीजीजीआई के मुताबिक टैक्स चोरी करने वाले सिंडिकेट अक्सर भोले-भाले व्यक्तियों का उपयोग करते हैं और उन्हें नौकरी, कमीशन, बैंक लोन जैसे प्रलोभन देकर उनसे पैन व आधार कार्ड हासिल कर उनकी जानकारी और सहमति के बिना नकली या शेल फर्म बना लेते हैं। इस प्रकार की धोखाधड़ी में बिना उत्पादन किए ही ये फर्म सरकार से आईटीसी के नाम पर लाखों रुपए वसूल लेते हैं।

### 1100 करोड़ की चोरी के संकेत

डीजीजीआई के मुताबिक एक मामले में फर्जी फर्म का सुव्यवस्थित रैकेट हरियाणा से सिरसा से संचालित हो रहा था जिनके पकड़े जाने पर डाटा विश्लेषण से 1100 करोड़ रुपये की फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) की संभावित चोरी का संकेत मिलता है। मामले के खुलासे से पता चला कि मैसर्स एस.डी. ट्रेडर्स एक नई-पंजीकृत फर्म थी जो मूल स्तर पर किसी चीज की सप्लाई नहीं करती थी, फिर भी इसने बड़ी संख्या में ई-वे बिल तैयार किए।

मैसर्स एस.डी. ट्रेडर्स के दिल्ली और हरियाणा में 38 गैर-मौजूद फर्मों का खुलासा हुआ। ये सभी जीएसटी रिटर्न भी भरते थे। फर्जी तरीके से आईटीसी प्राप्त करने के एक अन्य मामले में मेसर्स श्रीजी स्पाइसेज, चांदनी चौक दिल्ली के मालिक आशुतोष गर्ग को गिरफ्तार किया गया। जांच में पता चला कि गर्ग ने फर्जी तरीके से आईटीसी प्राप्त करने के लिए 294 फर्जी फर्म का गठन किया था। डीजीजीआई ने जांच में पाया आईटीसी में फर्जीवाड़ा करने के लिए एक व्यक्ति वाली कंपनी का काफी इस्तेमाल किया गया।

## 'नीतीश कुमार के 17 विधायक गायब हो गए...', तेजस्वी यादव की पत्नी का बड़ा दावा; सियासी हलचल तेज



पटना। बिहार में 12 फरवरी को नीतीश कुमार की अग्निपरीक्षा होगी। उन्हें विधानसभा के पटल पर एनडीए सरकार का बहुमत साबित करना होगा। नीतीश कुमार की अग्निपरीक्षा से पहले बिहार में सियासी हलचल भी तेज है। कांग्रेस के कई विधायक तो हैदराबाद पहुंचे हुए हैं। इधर, तेजस्वी यादव की पत्नी राजश्री यादव ने भी बड़ा दावा कर दिया है।

राजश्री यादव ने अपने एक्स हैंडल पर मंगलवार को एक पोस्ट कर सियासी हलचल बढ़ा दी। राजश्री यादव ने लिखा- नीतीश कुमार के 17 विधायक गायब हो गए... वैसे तो 4,5 विधायक से ही काम चल जाता, लेकिन इधर तो आधी जेडीयू गायब हो गई। खेला होगा सब जानते थे, लेकिन इतना बड़ा खेला होगा शायद किसी को पता नहीं था।

### सियासी हलचल के बीच प्रधानमंत्री मोदी से मिले नीतीश कुमार

राजश्री यादव के इस पोस्ट से बिहार में सियासी भूचाल आ गया है। इस सबके बीच नीतीश कुमार ने बुधवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने अमित शाह और जेपी नड्डा से भी मीटिंग की। मुलाकात के बाद नीतीश कुमार ने कहा कि हम (बीजेपी-जेडीयू) 1995 से एक साथ थे। बीच में 2 बार इधर-उधर जरूर हो गए, लेकिन अब फिर वहीं रहेंगे। अब इधर-उधर नहीं होंगे।

### बिहार विधानसभा में बहुमत साबित करेगी एनडीए - उपेन्द्र कुशवाहा

रालोद अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाह ने बुधवार को दावा किया कि राजग 12 फरवरी को सदन में बहुमत साबित करेगा। सदन में बहुमत है और हम इसे साबित करेंगे। इसके बारे में चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने दावा किया कि राजद और कांग्रेस के कई विधायक एनडीए नेताओं के संपर्क में हैं। हम तो आसानी से फ्लोर टेस्ट जीत लेंगे।

## भारत जोड़ो न्याय यात्राः आज ओडिशा से छत्तीसगढ़ में प्रवेश करेगी यात्रा, रेंगालपाली बॉर्डर पर होगा स्वागत



रायगढ़ । कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा आठ फरवरी को रायगढ़ जिले से छत्तीसगढ़ में प्रवेश करेगी। कांग्रेस कार्यालय रायगढ़ में बुधवार दोपहर पत्रकारों से चर्चा के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 8 फरवरी को राहुल गांधी की न्याय यात्रा ओडिशा से छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में पहुंचेगी, जहां सबसे पहले रेंगालपाली बॉर्डर पर उनका आत्मीय स्वागत किया जाएगा और फिर झंडा अदान-प्रदान किया जाएगा।

नौ और 10 फरवरी को छुट्टी के बाद 11 फरवरी को राहुल गांधी कांशीराम चौक से रायगढ़ शहर के भ्रमण की शुरुआत करेंगे। इसके बाद यह यात्रा खरसिया होते हुए शक्ति व कोरबा की ओर रवाना हो जाएगी। इन जिलों से होते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी की न्याय यात्रा सरगुजा संभाग के सूरजपुर जिले में पहुंचेगी। ओडिशा से रायगढ़ पहुंचने के बाद झंडा बदला जाएगा।

दीपक बैज ने केंद्र की मोदी सरकार को घेरते हुए कहा कि जिस प्रकार लोकसभा चुनाव में अपनी जीत दर्ज करने के साथ-साथ कांग्रेस के नेताओं को परेशान करने के लिये छापेमारी की जा रही है। उससे कांग्रेस के नेता प्रभावित नहीं होंगे। उन्होंने यह आरोप लगाया कि जिन नेताओं को लोकसभा चुनाव के मैदान में उतारने की योजना थी, उनको भी केंद्र की एजेंसियां निशान बना रही हैं। इसे जनता भी समझ चुकी है। दीपक बैज ने यह भी कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा का मकसद मोदी सरकार की नाकामियों को जनता तक पहुंचाना है।

### असल मुद्दों से भटकाने का काम कर रही भाजपा

कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा असल मुद्दों से भटकाने के लिये भगवान राम के नाम से राजनीति कर रही है। आस्था के नाम से देश की जनता के साथ खिलवाड़ कर रही है, लेकिन कांग्रेस पार्टी इसके असल मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएगी। महंगाई, बेरोजगारी, मध्यम वर्ग त्रस्त, जिस तरह से (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## वित्तीय हिस्सेदारी का आरोप लगा केंद्र के खिलाफ मुखर हो रहे विपक्षी राज्य, कर्नाटक सरकार ने दिल्ली में किया प्रदर्शन



नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले विपक्षी राज्य केंद्रीय करों में वाजिब वित्तीय हिस्सेदारी को मुद्दा बना रहे हैं। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की अगुवाई में राजधानी दिल्ली में बुधवार को सूबे की पूरी सरकार के साथ राज्य के कांग्रेस विधायकों-सांसदों का वाजिब हिस्सेदारी की मांग करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन ने इस मुद्दे को गरम कर दिया है।

कांग्रेस शासित राज्य कर्नाटक की ओर से इसके जरिए उठाई गई आवाज के सुर अभी धीमे भी नहीं पड़े हैं कि केरल की वाममोर्चा गठबंधन सरकार के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन अपने लाव-लश्कर के साथ राज्य का हिस्सा देने का दबाव बनाने के लिए राजधानी पहुंच चुके हैं। विजयन की अगुवाई में केरल सरकार के मंत्री और उनके सांसद-विधायक गुरूवार को दिल्ली में अपनी हिस्सेदारी देने की आवाज उठाते हुए केंद्र सरकार को घेरने का प्रयास करेंगे।

### पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु ने केंद्र पर साधा निशाना

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन भी राज्यों का हिस्सा नहीं देने का सवाल उठाते हुए पिछले काफी समय से केंद्र सरकार पर निशाना साधते रहे हैं। संसद के पिछले सत्र में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में तृणमूल सरकार के मंत्रियों, विधायकों और सांसदों ने दिल्ली पहुंच मनरेगा के अटके पैसे समेत वित्तीय सहायता रोकने को लेकर केंद्र के खिलाफ आक्रामक विरोध प्रदर्शन किया।

### कर्नाटक को 1.87 लाख करोड़ रू. का नुकसान हुआ

कांग्रेस के नेतृत्व वाली कर्नाटक की सिद्धरमैया सरकार की राज्य को अपेक्षित वित्तीय हिस्सेदारी नहीं देने के सवाल पर बुधवार को किए गए विरोध-प्रदर्शन ने इस विवाद का आयाम बढ़ा दिया है। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने केंद्रीय टैक्स में वाजिब हिस्सा नहीं मिलने और कई केंद्रीय अनुदानों में कटौती की बात उठाते हुए कहा कि बीते छह साल के दौरान कर्नाटक को इसकी वजह से 1.87 लाख करोड़ रूपए का नुकसान हुआ है।

वहीं, केरल सरकार की ओर से राज्य के हक की लड़ाई के लिए गुरूवार को किए जाने वाले (शेष पृष्ठ 6 पर...)






# पेट्रोलियम स्पोर्ट्स को एयरफोर्स ने 5-1 गोल से हराकर जीती सर्वेश्वरदास हॉकी





आर्मी स्पोर्ट्स की सेल राउलकेला पर 7-1 गोल से एकतरफा जीत

राजनांदगांव (दावा)। आज खेला प्रतियोगिता का फायनल मैच एकतरफा रहा जिसमें इंडियन एयरफोर्स नई दिल्ली ने पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड नई दिल्ली को 5-1 गोल से हराकर 80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के खिताब पर कब्जा कर लिया। तीसरे व चौथे स्थान के लिये खेला गया मैच भी एकतरफा रहा जिसमें आर्मी स्पोर्ट्स कन्ट्रोल बोर्ड नई दिल्ली ने सेल हॉकी अकादमी राउरकेला को 7-2 गोल से हराकर तीसरे स्थान पर रही। प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, खूबचंद पारख, सुरेश एच.लाल, संतोष अग्रवाल, रमेश पटेल, बल्देव सिंह भाटिया, अंजुम अल्वी, राजेन्द्र गोलछा, दिनेश गांधी, नरेश डाकलिया, विनोद खाण्डेकर, किशुन यदू, अजीत जैन, तरूण लहरवानी, हर्ष रामटेके, मृणाल चौबे, आयोजन समिति के अध्यक्ष व कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, संयुक्त कलेक्टर व प्रभारी अधिकारी के.एल. वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी अरूण वर्मा, छ.ग. हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी सहित आयोजन समिति से जुड़े सदस्य व खेल प्रेमी जनता उपस्थित थे।





स्टेडियम समिति द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में खेली जा रही है 80वीं महंत राजा सर्वेश्वरदास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के फायनल मैच में एयरफोर्स नई दिल्ली ने पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड नई दिल्ली को 1 गोल के मुकाबले 5 गोल से शिकस्त दी। मैच के 6वें मिनट में पेट्रोलियम बोर्ड ने गुरजिंदर सिंह के द्वारा पेनाल्टी कार्नर के द्वारा किये गये गोल से बढ़त बना ली थी लेकिन 7वें ही मिनट में एयर फोर्स ने पेनाल्टी कार्नर बनाया जिस पर एम.बी. करियप्पा ने गोल कर मैच 1-1 गोल की बराबरी पर ला दिया था। दूसरे क्वार्टर में कोई भी टीम बढ़त नहीं बना सकी थी और मध्यांतर तक मैच 1-1 गोल की बराबरी पर था। उत्तरार्ध के खेल में एयर फोर्स ने पेट्रोलियम के उपर एक के बाद एक आक्रमण तेज किया और उसे 38वें और 42वें मिनट में पेनाल्टी स्ट्रोक मिला जिसे उसके खिलाड़ी लवदीप सिंह ने गोल कर मैच 3-1 गोल पर ला दिया। खेल के चौथे क्वार्टर के 57वें मिनट व 60वें मिनट में एयरफोर्स के राहुल कुमार राजभर ने शानदार मैदानी गोल करते हुए 5-1 गोल से निर्णायक बढ़त के साथ विजय बनाकर इस प्रतियोगिता के खिताब पर कब्जा कर लिया। इसके पहले खेले गये तीसरे व चौथे स्थान के मैच आर्मी इलेवन ने सेल राउरकेला को आसानी से 7-2 गोल से हराया मैच में पहले सेल की ओर से 8वें व 19वें मिनट में कप्तान सोनू निषाद ने गोल कर अपनी टीम को 2-0 गोल की बढ़त दिला दी थी लेकिन इसके बाद सेल इस बढ़त को बरकरार नहीं रख सकी और मैच में आर्मी इलेवन के खिलाड़ियों ने रणनीति बदलते हुए मैच के 24वें मिनट में हरमन सिंह ने और 35वें मिनट में जगजोत सिंह ने गोल कर मैच 2-2 गोल की बराबरी पर ला दिया। इसके बाद तो आर्मी के खिलाड़ियों ने एक के बाद एक लगातार 5 गोल और किये यह गोल 44वें मिनट में हरमन सिंह 47वें मिनट में रंजत 49वें मिनट में मनीष राजभर 55वें मिनट में सुमित पाल सिंह ने और 58वें मिनट में रंजन ने गोल कर अपनी टीम को 7-2 गोल से विजय बनाते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया सेल चौथे स्थान पर रहीं।

प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण करते हुए अतिथियों ने विजेता टीम को आयोजन समिति द्वारा विशाल चांदी की ट्रॉफी एवं छ.ग. क्रिकेट संघ के पूर्व अध्यक्ष बल्देवसिंह भाटिया द्वारा प्रदत्त 5 लाख रूपये आयोजन समिति द्वारा उपविजेता टीम को विशाल चांदी की ट्रॉफी एवं समाजसेवी बहादुर अली द्वारा प्रदत्त 3 लाख रूपये तृतीय स्थान प्राप्त टीम आर्मी इलेवन सी.एन.तिवारी ट्रॉफी व रमेश नरेश डाकलिया द्वारा प्रदत्त 51 हजार रूपये और चौथा पुरस्कार सेल अकादमी को मृणाल चौबे द्वारा प्रदत्त ट्रॉफ ी व 21 हजार रूपये प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार एयर फोर्स के पी.ई पोन्नना को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा प्रदत्त आकर्षक ट्रॉफी व 5 हजार रूपये व राजेश जैन द्वारा प्रदत्त मेन ऑफ द मैच व मेन ऑफद टूर्नामेंट का पुरस्कार दिया गया। स्पर्धा के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी तरूण यादव सेल अकादमी को मनीष कमलेश गौतम द्वारा आकर्षक ट्रॉफी व 11 हजार रूपये एवं स्पर्धा की विजेता उपविपजेता व तीसरे स्थान आई टीम को भिलाई के वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी अनुप श्रीवास्तव के द्वारा विशाल आकर्षक कप प्रदान किया गया। इस अवसर पर निर्णायकों को भी पुरस्कृत किया गया।

## पहला कॉलम...

### महतारी वंदन आवेदन पत्र सांसद कार्यालय में उपलब्ध



राजनांदगांव (दावा)। सांसद संतोष पांडे ने जारी लोकसभा सत्र के दौरान दिल्ली से दूरभाष पर बताया है कि महतारी वंदन आवेदन पत्र उनके एफ-15 न्यू सिविल लाईन राजनांदगांव कार्यालय में उपलब्ध है। फार्म जमा करने के लिये बहनों को भटकने की आवश्यकता नहीं है, सभी पात्र बहनें औपचारिकता पूर्ण कर निकटतम आंगनबाडी केन्द्र में आवेदन जमा कर सकती है। जिन्हें उनके द्वारा अधिकृत कार्यालय को प्रेषित किया जायेगा। सांसद पांडे ने बहनों से निवेदन किया है कि वे अपने आधार कार्ड की छायाप्रति कार्यालय में जमा कर आवेदन प्रपत्र निःशुल्क प्राप्त करें तथा शर्तो की पूर्ति होने की स्थिति में आवेदन अवश्य प्रस्तुत करें।

### आज वैश्य संघ परिवार के कार्यकारिणी की बैठक

राजनांदगांव (दावा)। श्री उत्तर प्रदेशीय वैश्य संघ परिवार के कार्यकारिणी की अतिआवश्यक बैठक आज 8 फरवरी गुरुवार को स्थानीय गुरुद्वारा रोड स्थित श्री अग्रहरि भवन में शाम को 4 से 6 रखी गई है, जिसमें आय-व्यय विवरण का प्रस्तुतीकरण किया जाएगा एवं आगामी कार्यकारिणी के गठन हेतु रूपरेखा बनाई जाएगी। साथ ही महिला कार्यकारिणी के गठन की भी रूपरेखा बनाई जाएगी।

श्री उत्तर प्रदेशीय वैश्य संघ परिवार में सम्मिलित घटक श्री अग्रहरि, श्री अयोध्यावासी, श्री दोसर, श्री गहोई, श्री कसौंधन एवं श्री यज्ञसेनी वैश्य परिवार के सम्मानित जनों से निवेदन है बैठक में अपनी अनिवार्य उपस्थिति प्रदान करें। उक्त जानकारी संघ के महामंत्री शैलेष गुप्ता ने दी।

### परीक्षा पर्व जिला स्तर पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम 9 फरवरी को

राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिले में परीक्षा पर्व का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में बच्चों को परीक्षा से संबंधित तनाव से उबरने एवं सहायता करने और चिंता व परीक्षा के दबाव को कम करने की दिशा में चर्चा की जाएगी। परीक्षा पर्व जिला मुख्यालय स्तर पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम 9 फरवरी 2024 को सुबह 11.30 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष राजनांदगांव में आयोजित की गई हैं। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने राष्ट्रीय बाल अधिकारी संरक्षण आयोग को परीक्षा पर्व जिला स्तरीय कार्यक्रम में सहयोग के लिए सहायक संचालक जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती बी संगीता राव को नियुक्त किया है।

# गायत्री शक्तिपीठ में बसंत पंचमी पर्व हर्षोल्लास से मनाने की तैयारी



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ में इस बार भी बसंत पंचमी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। इसके लिए शक्तिपीठ में आयोजन की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी सूर्यकांत चितलांग्या व उपट्रस्टी बृजकिशोर सुरजन ने बताया कि बसंत पंचमी का दिन परमपूज्य आचार्य श्री राम शर्मा का आध्यात्मिक जन्मदिन है। इसलिए गायत्री परिवार वालों का यह विशेष महत्व वाला दिन है। इस दिन हिमालयवासी सत्ता योगी दादा गुरुदेव द्वारा आचार्य को दर्शन देकर आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान किया था। बसंत पंचमी का महत्वपूर्ण दिन ज्ञान की देवी मां सरस्वती का प्राकट्य दिवस है। अतः इस दिन मंदिर में बच्चों का उपवीत संस्कार, विद्यारंभ संस्कार सहित अन्य विभिन्न संस्कार सम्पन्न किए जाते हैं। यज्ञ-हवन सहित विभिन्न अनुष्ठानिक आयोजन किए जाते हैं। उक्त परिप्रेक्ष्य में गायत्री शक्तिपीठ द्वारा बसंत पंचमी के दिन को बोध दिवस के रूप में मनाते हुए 13 फरवरी मंगलवार को प्रथम दिवस प्रातः 6 बजे से शाम 6 बजे तक अखंड जाप, मंत्रजाप का आयोजन किया गया है, वहीं अगले दिन बसंत पंचमी के पुनीत अवसर पर मंदिर में विभिन्न संस्कार सम्पन्न किए जाएंगे व सुंदर स्वर लहरियों के बीच अ. भा. गायत्री परिवार के संस्थापक परम पूज्य गुरुदेव श्री राम शर्मा आचार्य का पाद पूजन व आदरणीय वक्ताओं का आत्मीय संबोधन तथा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया है। शक्तिपीठ के व्यवस्थापक ओमप्रकाश ने बताया कि कार्यक्रम के अंत में प्रसादी वितरण किया जाएगा। उन्होंने उक्त पुनीत कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए सभी गायत्री परिजनों सहित समस्त सनातनी धर्मियों को अपील की है तथा कहा है कि गायत्री शक्तिपीठ द्वारा सम्पन्न कराए जाने वाले विभिन्न संस्कार व यज्ञ- हवन, पूजन कार्य के लिए 7987614465 पर सम्पर्क कर घर परिवार में सनातन मयी स्वर्गोपम वातावरण बनाए।

**यज्ञ-अनुष्ठान व विभिन्न संस्कारों के बीच मनाया जाएगा श्री राम शर्मा आचार्य जी का आध्यात्मिक जन्मदिन**

# आधुनिकता के दौर में परंपरा और संस्कार जरूरी है: कुलबीर



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम मोखला में ग्रामवासियों द्वारा विगत दिनों शिवनाथ नदी किनारे देव स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया लक्ष्मीनारायण, राधाकृष्ण, शिव परिवार, रामदरबार सहित हनुमान जी महाराज की मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया। पंडित ललित प्रसाद तिवारी द्वारा विधि-विधान से पूजा अर्चना कर देव स्थापना किया गया। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबडा प्राण प्रतिष्ठा समारोह व हवन यज्ञ में शामिल हुए।

जानकारी देते हुए बताया कि नवयुवक रामायण समिति, आशीर्वाद नवयुवक मंडल, यादव परिवार, कोसरिया यादव समाज व ग्रामवासियों द्वारा नदियापारा शिवनाथ नदी किनारे 28 से 31 जनवरी तक देव स्थापना प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया। जिसके प्रथम दिवस 28 जनवरी को गांव में भव्य कलश के साथ शोभायात्रा निकाली गई। 29 व 30 जनवरी को वेदी पूजा पाठ व 31 को लक्ष्मीनारायण, राधाकृष्ण, शिव परिवार, रामदरबार सहित हनुमान जी महाराज की मूर्ति स्थापना पंडित ललित प्रसाद तिवारी द्वारा किया गया। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में पहुंचे शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबडा शामिल होकर लक्ष्मीनारायण, राधाकृष्ण, शिव परिवार, रामदरबार सहित हनुमान जी महाराज की पूजा अर्चना कर उपस्थित ग्रामवासियों को समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि देवतुल्य भूमि में आने का मौका मिला। गांव की सुख-समृद्धि व विकास के लिए समय-समय पर पूजा अनुष्ठान होते रहना चाहिए।

श्री छाबडा ने आगे कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन से हमारे आने वाली पीढ़ी भी आधुनिकता के दौर में भी हमारी परंपरा और संस्कार से जुड़ी हो ऐसी भावनाओं के साथ आयोजन होना चाहिए। मैं इस आयोजन के माध्यम से आव्हान करता हूं कि आप अपने बच्चों को भी अच्छी शिक्षा दे ताकि समाज में कदम से कदम मिलाकर चल सके और समाज के साथ-साथ अपने गांव का नाम रौशन कर सके। तत्पश्चात आयोजित हवन-यज्ञ आहूति में शामिल होकर गांव की खुशहाली की कामना। आयोजन के समाप्ति के पश्चात ग्राम में महाप्रसादी का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से किसान कांग्रेस महामंत्री योगेन्द्र दास वैष्णव, सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की आयुक्त ने की समीक्षा



राजनांदगांव (दावा)। पं. दीनदयाल अन्योदय योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के सामुदायिक संगठकों की नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने आज अपने कक्ष में बैठक लेकर प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की समीक्षा कर योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को लेने प्रात्साहित करने के निर्देश दिये।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बैठक में प्रधानमंत्री स्व निधि योजना के प्रगति की सभी सामुदायिक संगठकों से पृथक-पृथक जानकारी लेकर कितने वेडरों को अब तक लाभ मिला है, सभी से क्रमशः जानकारी ली। कुछ क्षेत्रों में कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि शासन की महत्वकांक्षी योजना है, इसके क्रियान्वयन में लापरवाही नहीं होनी चाहिये। उन्होंने कहा कि योजनांतर्गत वेंडरों को तीन चरणों में ऋण देने का प्रावधान है। ऋण के प्रथम चरण में 10 हजार रूपये जिसे एक वर्ष में वापस करने के उपरांत दुसरे चरण में 20 हजार रूपये, इसके वापसी उपरांत तीसरे चरण में 50 हजार रूपये ऋण वापस करने का प्रावधान है, जो वेंडर निर्धारित किश्तों में ऋण वापस कर देता है तो उन्हें ब्याज में छुट मिलती है, छुट की राशि वेंडर के खाते में शासन द्वारा जमा की जाती है।

आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि योजना का लाभ बहुत से हितग्राहियों को मिला है, 8 फरवरी से विकसित भारत संकल्प यात्रा का द्वितीय चरण में प्रधानमंत्री स्व निधि योजना का लाभ वेंडरों को देना है, इस संबंध में सभी सामुदायिक संगठक कार्यवाही कर वेंडरों को योजना की जानकारी देवे और अधिक से अधिक लोगों को जोड़े, ताकि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान सभी 7 कैम्पों में नये वेंडरों को लाभान्वित किया जा सके तथा भारत सरकार द्वारा पथ विक्रेताओं के हित में चलाये जा रहे योजना का लाभ अधिक से अधिक वेंडरों को मिल सके। आयुक्त श्री गुप्ता ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की समीक्षा में कहा कि इस योजना का उद्देश्य देश के हर हुनर मंद, तकनीकी व मिस्त्री के रूप में काम करने वाले युवाओं व देश के स्वरोजगारियों आदि को सीधे लाभ देना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, जोकि छोटे और मध्यम व्यवसायों को समर्थन प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई है, उन्हें नए आयाम देने का एक महत्वपूर्ण कदम है। जिसका लाभ पारंपरिक शिल्पकारों को देना है, योजना के तहत ऋण देकर एवं कौशल विकास प्रशिक्षण लेने प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि योजना के संबंध में सभी सामुदायिक संगठकों को अधिक से अधिक प्रचार कराना है, आगामी विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में भी लाभ लेने प्रोत्साहित कराना है। बैठक में उपायुक्त मोबिन अली, एलयुएलएम सिटी मैनेजर मोरिश तथा सामुदायिक संगठक एस.के.झा, श्रीमती रिजवाना सैफी, श्रीमती उषा शर्मा, श्रीमती ममता साहू, श्रीमती खिलेश्वरी कचलामें, श्रीमती मंजू क्षत्रीय एवं राजेश मानिकपुरी उपस्थित थे।

# एजाजुर्रहमान के नेतृत्व में पेंशनर्स ग्रुप दिल्ली रवाना



राजनांदगांव (दावा)। ई.पी.एस. 95 के पेंशनभोगी कर्मचारियों द्वारा पेंशन में बढ़ोतरी सहित अनेक मांगों को लेकर दिल्ली में 8 फरवरी को जंतर मंतर पर राष्ट्रव्यापी विशाल धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसमें भाग लेने राजनांदगांव जिले का प्रतिनिधि मंडल 6 फरवरी को दिल्ली रवाना हुआ। उल्लेखनीय है कि ई.पी.एस. 95 संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमाण्डर अशोक राउत के नेतृत्व में दिल्ली के जंतर मंतर में 5 फरवरी से 8 फरवरी तक राष्ट्रव्यापी धरना प्रदर्शन आयोजित किया जा रहा है। इसमें विभिन्न राज्यों के पेंशनर्स एकत्रित होकर न्यूनतम पेंशन की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधि 8 फरवरी को दिल्ली में धरना देंगे। इस हेतु राजनांदगांव जिले से अनेक पेंशनर्स ई.पी.एस. 95 की राष्ट्रीय संघर्ष समिति के पूर्वोत्तर भारत के प्रभारी एजाजुर्रहमान के नेतृत्व में राजनांदगांव जिले का प्रतिनिधि मंडल दिल्ली रवाना हुआ।

# संचार एवं संकर्म समिति की बैठक 15 फरवरी को

राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत संचार एवं संकर्म समिति की बैठक 15 फरवरी को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में संबंधितों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है एवं अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
2-5-8
770-4 159-5
राजधानी
4-6-9
567-8 670-3

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# भारतीय सेना व पुलिस भर्ती हेतु युवाओं को दिया जा रहा है प्रशिक्षण



सफलता और समृद्धि सदैव परिश्रमी व स्वावलम्बी व्यक्ति का चरण स्पर्श करती है - हाजरा

राजनांदगांव (दावा)। शिखर डिफेंस एकेडमी के सफलता पूर्वक द्वितीय वर्ष पूर्ण होने पर मोहारा मेला प्रांगण में भारतीय सेना एवं पुलिस विभाग के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु जिले के निर्धन एवं बेरोजगार युवाओं को प्रोत्साहन व प्रशिक्षण हेतु निःशुल्क शिविर का आयोजन किया जाता है। इसी परिपेक्ष्य में चल रहे शिविर में अतिथि प्रेरक डी.सी.जैन अध्यक्ष शिवनाथ क्षेत्रिय विकास समिति व अमलेन्दु हाजरा ने युवाओं का मार्गदर्शन करते हुए राष्ट्र सेवा के लिए उत्साहित किया। उक्त अवसर पर श्री जैन ने कहा कि मानव जीवन में अनुशासन महत्वपूर्ण है। अनुशासन के बिना व्यक्ति देश का अच्छा नागरिक नहीं बन सकता है और नहीं जीवन में सफल हो सकता है। उन्होंने इस अवसर पर प्रशिक्षार्थियों को शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर प्रेरक वक्ता श्री हाजरा ने युवा शक्ति का मार्गदर्शन करते हुए अपनी शुभकामनाओं के साथ जीवन उपयोगी प्रेरक प्रशंग सुनाए और कहा कि मानव जीवन में गुलामी सबसे बड़ा दुख होता है और स्वतंत्रता सबसे बड़ा सुख है। सफलता और समृद्धि सदैव परिश्रमी व स्वावलम्बी व्यक्ति का चरण स्पर्श करती है। जिस देश के नागरिक स्वावलम्बी होते है वह देश कभी बेरोजगार और निर्धन नहीं होता है। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों से अपील करते हुए यह भी कहा कि हमारी भारत माँ अपने प्राणों का रस देकर हमारा पोषण करती है। हमें इसकी रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। श्री हाजरा ने यह भी बताया कि पूर्व में इस संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षु भारतीय सेना एवं पुलिस विभाग, बीएसएफ, असम रॉयफल एवं देश की राजधानी में नवनिर्मित एयरपोर्ट में भी जिले के लोगों का चयन हुआ है, जो अपनी सेवाएं दे रहे है। दो वर्ष की अल्प अवधि में एकेडमी से प्रशिक्षण प्राप्त कर 30 से अधिक युवाओं की नियुक्ति देश सेवा के लिए विभिन्न पदों पर हुई है। इस अवसर पर भूतपूर्व सैनिक ओमप्रकाश साहू, प्रेमेन्द्र कुमार पटेल, देवेन्दू देवांगन भागीरथी साहू अग्निवीर, रोशन साहू, गोवर्धन साहू, देवा निषाद आदि कुशल प्रशिक्षकों के द्वारा युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## कार्यालय वनमंडलाधिकारी मरवाही वनमंडल, पेंड्रारोड (छ.ग.)

E-Mail-dfomarwahi@yahoo.com

### नीलाम-सूचना

सर्व सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि मरवाही वनमंडल, पेंड्रारोड के मड़ना डिपो एवं अन्य डिपो में निम्न विवरण अनुसार वनोपज नीलाम किया जाना है। इच्छुक व्यापारी नीलाम में अवश्य भाग लेवें। नीलाम की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस में कार्यालय अथवा मड़ना डिपों से प्राप्त कर सकते है।

डिपों का नाम - मड़ना काष्ठागार
नीलाम दिनांक - 21.02.2024
नीलामी प्रारंभ - प्रातः 9:00 बजे प्रातः से

वनोपज की अनुमानित मात्रा

| डिपों का नाम | प्रजाति | लट्ठा (घ.मी.) पुराना | लट्ठा (घ.मी.) नया | बल्ली (नग) पुराना | बल्ली (नग) नया |
|---|---|---|---|---|---|
| मडना डिपो | सागौन | - | - | - | - |
| | साल | 251.567 | - | 604 | - |
| | साजा | 28.482 | - | 450 | - |
| | बीजा | 21.012 | - | - | - |
| | तिंसा | 23.359 | - | 222 | - |
| | हल्दू/मू./ख | 1.423 | - | 154 | - |
| | धावड़ा | 4.975 | - | 143 | - |
| | सलिहा | - | - | - | - |
| | अन्य | 71.862 | - | 415 | - |
| | नीलगिरी | - | 15.500 | 3129 | 1000 |
| | R.T.L साल-साजा | 394.792 | - | - | - |
| | R.T.L अन्य | 168.249 | - | - | - |
| | योग:- | 965.721 | 15.500 | 5117 | 1000 |
| जलाऊ डिपो पेण्ड्रा | नीलगिरी जलाऊ | 45 | - | - | - |
| | योग :- | 45 | - | - | - |

टीपः- 1. क्रेता को पेन नं. एवं रजिस्ट्रेशन वर्ष 2024 एवं जी.एस.टी. की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

जी- 07586/3

वन मंडलाधिकारी
मरवाही, वनमण्डल, पेंड्रारोड

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
साऊथ की रोमांस, एक्शन से भरपूर सुपर हिट हिन्दी भाषा में
सलार
कलाकार - प्रभास, श्रुति हासन, पृथ्वीराज कुमारन, टिनू आनंद जगपती बाबू, श्रिया रेड्डी आदि




ता. 9 से
गांव के जीरो शहर मा हीरो
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

SILVER SCREEN Multiplex
02nd Feb to 08th Feb 2024




Fighter - 12:30, 03:30 06:30 and 09:30 pm
Hanu-man - 12:00, 03:00, 06:00 and 09:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी की वारदात बढ़ी

राजनांदगांव (दावा)। इन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी की वारदाते काफी बढ़ गई है। पुलिस की सक्रियता दिखने के बाद भी चोर सूने मकानों से लेकर अन्य जगहों में हाथ मारने में सफल हो रहे है। गत दिनों डोंगरगांव क्षेत्र के अर्जुनी में चोरी की वारदात हुई, वही खैरागढ़ क्षेत्र के जालबांधा, घुमका, छुईखदान इलाके में चोरों ने तगड़ा हाथ मारा है।

गांव-देहात क्षेत्र के सुरगी इलाके में धान चोरों की भी सक्रियता बनी रही। इनमें से कुछ ही पकड़ में आए है। चोर चोरी कार्य को ग्रामीण क्षेत्र में घडल्ले से अंजाम दे रहे है। वही शहर के अनेक क्षेत्र उनके टारगेट में बने हुए है।

खास कर जिला चिकित्सालय उनके पंसदीदा अड्डों में बना हुआ है। यहां सुरक्षा के अभाव में आए दिन चोरिया होते रहती है। मंगलवार को एक चोर दिन दहाड़े हास्पिटल में ओटी के पीछे लगे एसी फैन को चोरी करने के प्रयास में धरा गया। गनीमत है कि सुरक्षा गार्ड की नजर उस पर पड़ गई। बता दे कि इस तरह की वारदात पहले भी कई बार हो चुकी है। अस्पताल के मरीजों की मोबाइल चोरी होना आम बात हो गई थी किसी मरीज के सोए हुए अवस्था में पैर पट्टी चुरा लेने की बात भी सामने आई थी। एक चोर तो वहां के सुरक्षा गार्ड रहे अमित के हत्थे भी चढ़ा है। बीते दिनों अस्पताल परिसर में लगे आक्सीजन प्लांट के कापर पाइप लाइन का भी चोरी हुई थी जिसका आरोपी आज तक पकड़ा नहीं जा सका।

## जिला हास्पिटल भी चोरों के टारगेट में

मंगलवार को एसी फैन चोरी करते राजीव नगर निवासी नूतन पिता गैंदलाल सारथी उम्र 25 वर्ष को सुरक्षा गार्ड गौतम ने धर दबोचा। बता दे कि जिला हास्पिटल परिसर में असमाजिक तत्वों का जमावाड़ा बने रहने से आए दिन इस तरह की घटनाएं होते रहेती है। ऐसे तत्व मरीजों के परिजनों की गाड़ियां भी चोरी कर ले जाते है। या फिर रात में उक्त गाड़ी में मजे से सैर-सफर कर फिर लाकर वही छोड़ देते है। इस तरह के मामले हास्पिटल पुलिस चौकी में दर्ज हुई है। इसकी वजह जिला चिकित्सालय में सुरक्षा गार्ड कर प्रर्याप्त व्यवस्था नहीं होना बताया जाता है। इसे लेकर अस्पताल प्रबंधन भी परेशान है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी

शहरी इलाके के साथ-साथ इन दिनों चोरी की वारदात ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ गई है। घुमका थाना क्षेत्र में रिकार्ड चोरिया हो रही है। जालबांधा थाना क्षेत्र के ग्राम मदरा कुही में शादी के लिए खरीद कर घर में रखे जेवरातों पर ही चोरो ने हाथ साफ कर दिया। बताया जाता है कि मंदिरा कुही निवासी रेखराम पिता लखन राम के घर हुई चोरी में रविवार की दोपहर दिन-दहाड़े उसके घर में चोरों ने प्रवेश किया और विवाह के लिए खरीदी कर रखे चांदी की एक कमर पट्टा (622ग्राम) सोने की 5 पत्ती (4.6 ग्राम) सोने की अंगूठी (एक ग्राम) व नगदी रकम 12 हजार रूपए तथा शादी के लिए खरीदी गई साड़ी एवं कपड़े चोरी कर ले गए। चोरों ने घर में लगे ताला को तोड़ कर उक्त कार्य को अंजाम दिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर जालबांधा पुलिस ने जांच कार्य शुरू कर दी है। बीते दिनों छुईखदान क्षेत्र के लिमतरा में चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर 25 हजार का सामान चोरी कर ले गए। घुमका थाने के ग्राम डूमरडीह में चोरों ने किराना दुकान में धावा बोलकर यहां भी 25 हजार के सामान चोरी कर ले गए। शहर के रेवाडीह इलाके में 11 स्थानों पर चोरों ने उत्पात मचाया था। एक युवती के घर व मेडिकल स्टोर्स में चोरों ने चोरी की थी। उक्त चोर पुलिस पकड़ से अभी भी बाहर है। इसके कारण पुलिस व्यवस्था पर उंगली उठने लगी है।

# मां शीतला मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह 10 से



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी के मां शीतला मंदिर प्रांगण में 10 फरवरी शनिवार से 18 फरवरी रविवार तक श्री मद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन मां शीतला माता मंदिर के पुजारी एवं भक्तगणों के द्वारा आयोजित किया गया है। सभी भक्तगणों से आयोजन में तन-मन-धन से सहयोग की अपील की गई है।

भगवताचार्य पंडित अभिषेक कृष्ण शास्त्री के मुखारविंद से होगा। प्रथम दिन 10 तारीख शनिवार को कलश यात्रा एवं श्री मद्भागवत महात्म्य। 11 तारीख रविवार शुकदेव जन्म, परिक्षित जन्म। 12 तारीख सोमवार वराह अवतार, कपिल जन्म, ध्रुव चरित्र। 13 तारीख मंगलवार जड़भरत अजामिल प्रसंग, प्रह्लाद चरित्र। 14 तारीख बुधवार वामन प्रसंग, रामजन्म, कृष्णजन्म। 15 तारीख गुरूवार कृष्ण बाल लीला, गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग। 16 तारीख शुक्रवार महारास, उद्धव प्रसंग, रुक्मिणी विवाह। 17 तारीख शनिवार सुदामा चरित्र, परिक्षित मोक्ष, 18 तारीख रविवार गीता हवन, तुलसी वर्षा, प्रसादी वितरण होगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 2बजे से सायं 6बजे तक रहेगी तथा कथा स्थल बूढ़ासागर, शीतला मंदिर प्रांगण, राजनांदगांव है। श्रीमद् भागवत कथा वाचक भागवताचार्य परमपूज्य पंडित अभिषेक कृष्ण शास्त्री जी महाराज, श्री धाम वृंदावन राजनांदगांव करेंगे।

# रॉयल किड्स कान्वेंट के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण का आनंद उठाया









राजनांदगांव (दावा)। शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास के लिए महत्वपूर्ण कड़ी है। इसी कड़ी में रॉयल किड्स कान्वेंट ने अपनी शाला के कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा पांचवी तक के विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग स्थल पर शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया इसमें कक्षा नर्सरी से के.जी. टू तक के छात्र-छात्राओं को बाकल के फार्म हाउस ले जाया गया, जहां उन्हें पेड़, पौधे, फल सब्जियों के बारे में जानकारी मिली बाल वाटिका के छोटे-छोटे प्यारे बच्चों ने बड़े कौतूहल से सब कुछ देखा सीखा जानकारी प्राप्त की। कक्षा पहली एवं दूसरी के बच्चों को मनघटा जंगल एंड सफारी पार्क ले जाया गया एवं कक्षा तीसरी से पांचवी तक के विद्यार्थियों को मैत्री गार्डन भिलाई ले जाया गया जहां उन्होंने फ्लावर शो का आनंद उठाया। इन सभी जगहों में बच्चों को प्रकृति के करीब रहकर अपने तथा दूसरों के अनुभव से बहुत कुछ सीखने का अच्छा अवसर मिला। इसीलिए शाला समय-समय पर बच्चों के अनुसार इस तरह के भ्रमण का आयोजन करती रहती है जिससे बच्चों का ज्ञानवर्धन होता रहता है। इस भ्रमण से बच्चे तथा पालक काफी उत्साहित एवं खुश नजर आए। रॉयल किड्स कान्वेंट शाला परिवार की ओर से सभी विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण हेतु बधाई एवं आशीर्वाद।

# कलेक्टर ने मिशन के कार्यो को गंभीरतापूर्वक पूर्ण करने एवं गुणवत्ता पर विशेष रूप से ध्यान देते हुए कार्य करने के दिए निर्देश

## जिले में कार्यरत ठेकेदारों द्वारा आबंटित कार्यों को पूर्ण करने हेतु समयावृद्धि की मांग पर अर्थदंड अधिरोपित करते हुए प्रदान की गई समयावृद्धि

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता मिशन संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में 12 ग्रामों की निविदाओं में प्राप्त दर का अनुमोदन किया गया। इसके अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम झुराडबरी, बिरेझर एवं अंजोरा, डोंगरगांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम तेंदुनाला, जंतर एवं घुधवा सिवनीखुर्द, छुरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम पुर्रामटोला, लुलीकसा, गोपालपुर, गिधाली एवं चितवाकोन्हा शामिल है, इन ग्रामों में शीघ्र कार्य प्रारंभ किए जायेंगे। जल जीवन मिशन अंतर्गत प्राप्त देयकों के भुगतान का अनुमोदन किया गया। कलेक्टर ने सभी को मिशन के कार्यों को गंभीरता से पूर्ण करने एवं गुणवत्ता पर विशेष रूप से ध्यान देते हुए कार्य करने के निर्देश दिए।

जिले में कार्यरत ठेकेदारों द्वारा आबंटित कार्यों पूर्ण करने हेतु समयावृद्धि की मांग की थी, जिस पर समिति द्वारा अर्थदंड अधिरोपित करते हुए समयावृद्धि प्रदान की गई। जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले में चल रहे निर्माण कार्यों के निरीक्षण कार्यों हेतु तृतीय पक्ष निरीक्षण (टीपीआई) कार्य हेतु एजेसिंयां नियुक्त हैं, जिनके द्वारा निरतंरता से कार्य किया जा रहा है। निरीक्षण कार्य के देयकों के भुगतान हेतु विकासखंडवार प्रशासकीय स्वीकृति का अनुमोदन समिति द्वारा दी गई। संयुक्त जिले के छुईखदान विकासखंड के ग्राम गायमुख एवं भुरसाटोला वीरान ग्राम है, जिसके कारण इन ग्रामों को आईएमआईएस पोर्टल से विलोपित करने हेतु समिति ने सदस्य सचिव को अधिकृत किया। जल जीवन मिशन अंतर्गत डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम राउरकसा, लालबांधा में ठेकेदार मेसर्स स्त्रीचवल वेंचरर्स डोंगरगढ़ एवं छुरिया विकासखंड के ग्राम तेलगान में ठेकेदार मेसर्स विधि फ्लाई ऐस राजनांदगांव द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं किया गया, जिसके कारण संबंधित अनुबंध को निरस्त कर ठेकेदार द्वारा निविदा में प्रस्तुत अमानत राशि को राजसात करते हुए आगामी निविदा हेतु डिबार्ड करने की स्वीकृति समिति द्वारा दी गई।

राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम भंवरमरा में ठेकेदार द्वारा पाईप लाईन बिछाने, एफएचटीसी एवं अन्य कार्य निर्माण किया जा रहा है। ग्राम में नये मकान बनने से कुल 320 मीटर पीव्हीसी पाईप की अतिरिक्त आवश्यकता होने की स्थिति समिति ने ग्राम हित को दृष्टिगत रखते हुए अतिरिक्त पाईप जोडने की अनुमति दी। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड राजनांदगांव एवं सदस्य सचिव समीर शर्मा, सांसद प्रतिनिधि बिसेसर दास साहू एवं समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# एनबीआईएस बोरी के छात्र को राष्ट्रीय स्तर में स्वर्ण पदक



राजनांदगांव (दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल, बोरी के कक्षा छठवीं के छात्र देवदीप ठाकुर ने 67वीं राष्ट्रीय शालेय खेल प्रतियोगिता 2023-24 में समूह खेल साफ्टबाल में स्वर्ण पदक जीत कर शाला परिवार एवं जिले का नाम गौरवांवित किया। 67वीं राष्ट्रीय शालेय खेल साफ्टबाल प्रतियोगिता अंडर 14 दिनांक 2 फरवरी से 6 फरवरी तक कबीरधाम, छत्तीसगढ़ में आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता में देश के अलग-अलग राज्यों से 14 टीमों ने भाग लिया, जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम से अंडर 14 में देवदीप ठाकुर का चयन किया गया था। छात्र देवदीप ठाकुर को अपने प्रथम प्रयास में ही स्वर्ण पदक की प्राप्ति हुई। शाला परिवार के लिए यह अत्यंत हर्ष और गौरव का पल है। शाला के खेल शिक्षक यशवंत कौशिक की विशेष भूमिका रही। इस अवसर पर शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी, अकेडमिक डायरेक्टर श्रीमती उर्मिला दीक्षित, प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी, कोआर्डिनेटर अभिजीत मुखर्जी, एडमिन नितिन चौहान तथा शिक्षकों ने छात्र देवदीप ठाकुर को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# महापौर ने की बजट की समीक्षा



राजनांदगांव (दावा)। महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने आज अपने कक्ष में निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता की उपस्थिति में बजट क्रियान्वयन के संबंध में बिंदूवार चर्चा कर कार्य के संबंध में जानकारी लेते हुये शासन को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिये। उन्होंने बजट प्रावधानानुसार जो कार्य किये जा रहे है उनकी प्रगति की जानकारी ली और दीर्घकालीन योजनाएं जिनके प्रस्ताव शासन को भेजे गए है, उस संबंध में भी उन्होंने जानकारी ली।

बजट प्रावधान के संबंध में महापौर श्रीमती देशमुख ने बताया कि छत्तीसगढ़ महतारी की दो स्थानों पर प्रतिमा स्थापित की गई। खेलकूद का वार्ड स्तर पर आयोजन के तहत छत्तीसगढ़ ओलंपिक ठाकुर प्यारेलाल स्कूल में कराया गया। राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से वार्ड स्तरीय खेलकूद एवं छत्तीसगढ़ी पारंपरिक गीत एवं नृत्य पर सांस्कृतिक कार्यक्रम वार्डो में आयोजित किये गये। इसके अलावा प्रस्ताव अनुसार नगरीय क्षेत्रों रामायण प्रतियोगिता आयोजित की गई तथा साहित्यकारों का सम्मान भी किया गया। अन्य प्रावधानों अनुसार चौक-चौराहों का सौदर्यीकरण भी मांग अनुसार किये जा रहे है। विकास कार्यो में डामरीकरण सीमेन्टीकरण कराया गया। इसके अलावा शहर में वृहद वृक्षारोपण के तहत रोड के किनारे, तालाब के किनारे, उद्यान, डिवाईडर एवं रिक्त भूमि में वृक्षारोपण किया जा रहा है।

महापौर श्रीमती देशमुख ने दीर्घकालीन प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए कहा कि शासनस्तर पर लंबित है जिसके लिए पुनः पत्राचार करें तथा अन्य प्रावधानों पर भी प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही करें। बैठक में इस वित्तीय वर्ष के बजट के लिए भी चर्चा की गई, उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर बजट प्रस्तुत किया जाना है। इस संबंध में कार्यवाही करें तथा नागरिकों से भी सुझाव आमंत्रित करें। बैठक में उपायुक्त मोबिन अली, कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके, राजस्व अधिकारी दीपक अग्रवाल, सहायक लेखाधिकारी राकेश नंदे, लेखापाल शैलेष पाण्डे व पंकज साहू, प्र. कार्यालय अधीक्षक अशोक चौबे उपस्थित थे।

# महाविद्यालय को A++ ग्रेड दिलाने में अलुमनी की अहम् भूमिका होगी- अशोक चौधरी



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अलुमनी समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी की अध्यक्षता में एवं प्राचार्य डॉ.के.एल. टांडेकर के मार्गदर्शन में एलुमनी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम गणमान्य अलुमनी सदस्यों का स्वागत किया गया तत्पश्चा महाविद्यालयीन एलुमनी समिति के सदस्य डॉ.माजिद अली ने बैठक में एलुमनी समिति का महाविद्यालयीन एलुमनी से परिचय कराया, एवं बैठक का संचालन किया। महाविद्यालयीन एलुमनी समिति के संयोजक डॉ.के.के. देवांगन ने समस्त सदस्यों को बैठक का एजेंडा प्रस्तुत करते हुए जानकारी दी कि महाविद्यालयीन एलुमिनी समिति एक रजिस्टर्ड समिति है, जिसका पंजीयन वर्ष 2018 में हो गया था। महाविद्यालय के द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, कि महाविद्यालय के समस्त भूतपूर्व छात्रों को इस समिति से जोड़ा जाए। 2018 में बनी इस समिति के पुनर्गठन की भी आवश्यकता प्रस्तुत की। उन्होंने यह भी जानकारी दी की महाविद्यालय के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पिछले वर्ष 2023 में प्रोफेसर एलुमनी मीट का आयोजन किया गया था। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं महाविद्यालयीन एलुमनी समिति के सचिव डॉ. के. एल. टॉण्डेकर ने जानकारी दी कि दिसम्बर 2022 में Industrial& Alumni meet (उद्योगपति-भूतपूर्व छात्र बैठक) का आयोजन किया गया था, जिसमें भाटिया जी ने 11लाख रु. की राशि एवं अन्य 14 लाख रु. की राशि अध्ययन कक्ष के निर्माण में देने की सहमति प्रदान की। उन्होंने बताया कि बहादुर अली ने 5 लाख रु. की राशि दे दी है जिसका अलुमनी समिति के अनुमोदन पश्चात् महाविद्यालय निर्माण कार्य में उपयोग किया जायेगा। पंजीकृत सदस्यों की संख्या में कैसे वृद्धि की जाय, इस हेतु भी उन्होंने सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किये। महाविद्यालय एलुमनी समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने आश्वासन दिया कि अतिशीघ्र भूतपूर्व छात्रों का एक सम्मलेन आयोजित किया जायेगा और अधिक से अधिक सदस्यों को जोड़ने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने यह भी अश्वासन दिया कि महाविद्यलय को A++ ग्रेड दिलाने में एलुमनी भरपूर योगदान देंगे। उन्होंने आश्वस्त किया कि पूर्व में जो सदस्य 2000 रु. देकर आजीवन सदयस्ता ले चुके हैं, वे वर्तमान आजीवन सदस्यता शुल्क 5000 हेतु 3000 की राशि अतिरिक्त जमा करेंगे। इस बात का समर्थन करते हुए श्रीमती शारदा तिवारी ने तत्काल 3000 रू की राशि देकर सदस्यता शुल्क पूर्ण किया। बैठक में अशोक चौधरी, प्रो.हेमलता मोहबे, श्रीमती शारदा तिवारी, सुदेश यादव, शरद अग्रवाल, अरविन्द ठक्कर, डॉ.के.के. देवांगन, डॉ. माजिद अली, डॉ. गुरप्रीत सिंह भाटिया, डॉ. अनीता साहा, डॉ. ललित प्रधान एवं शरद तिवारी उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अनिता साहा के द्वारा किया गया।

**IN THE PUBLIC TRUST REGISTRATION OFFICE**
**GREATER MUMBAI REGION, MUMBAI**
Dharmadaya Ayukat Office, Sasmira Bhavan,
Sasmira Road, Worli, Mumbai- 400 030
**Public Notice of Inquiry**

**Change Report No. ACC/ II/ 130/ 2024**
Filed by- **Shri Nilesh Mehta**
In the Matter of **"Shrimad Rajchandra Aatma Tatva Research Centre"**
**PTR No. E- 19123 (MUMBAI)**

All concerned having Interest:-

Whereas the applicant of the above trust has filed application under section 22 of the Maharashtra Public Trust Act, 1950 for bringing the below described property on the record of the above named trust and an inquiry is to be made by the Asst. Charity Commissioner II, Greater Mumbai Region, Mumbai viz.

Whether below mentioned property is the property of the trust and could be registered in the name of the trust

**DESCRIPTION OF THE PROPERTY:-**

Gram Gathula PHN 35 RNM Rajnandgaon 01 TEH and District Rajnandgaon

| Survey No | Hectors | Rs.Ps. |
|---|---|---|
| 237/4 | 1.254 | 3.80 |

Purchase consideration - Rs 73,82,345/-
Bounded as under
On or towards the North by: Land of Ramesh, Girish Kanhaiya and Naresh Goshar
On or towards the South by: Land of Gaursingh
On or towards the East by: Land of Khemin bai
On or towards the West by: Canal

This is to call upon you to submit your objections if any, in the matter before the Assistant Charity Commissioner II, Greater, Mumbai Region, Mumbai at the above address in person or by a pleader on or before 30 days from the date of publication of this notice failing which the change report will be decided and disposed off on its own merits.

Given under my hand and seal of the Jt. Charity Commissioner, Maharashtra State, Mumbai
This **30th** day of Month of **January 2024**

Seal

Sd/-
Superintendent
Public Trust Registration Office
Greater Mumbai Region, Mumbai.

**IN THE PUBLIC TRUST REGISTRATION OFFICE**
**GREATER MUMBAI REGION, MUMBAI**
Dharmadaya Ayukat Office, Sasmira Bhavan,
Sasmira Road, Worli, Mumbai- 400 030
**Public Notice of Inquiry**

**Change Report No. ACC/ II/ 131/ 2024**
Filed by- **Shri Nilesh Mehta**
In the Matter of **"Shrimad Rajchandra Aatma Tatva Research Centre"**
**PTR No. E- 19123 (MUMBAI)**

All concerned having Interest:-

Whereas the applicant of the above trust has filed application under section 22 of the Maharashtra Public Trust Act, 1950 for bringing the below described property on the record of the above named trust and an inquiry is to be made by the Asst. Charity Commissioner II, Greater Mumbai Region, Mumbai viz.

Whether below mentioned property is the property of the trust and could be registered in the name of the trust

**DESCRIPTION OF THE PROPERTY:-**

Gram Gathula PHN 32/35 RNM Rajnandgaon 01 TEH and District Rajnandgaon

| Survey No | Hectors | Rs.Ps. |
|---|---|---|
| 207/28 | 0.506 | 0.71 |

Purchase consideration - Rs 32,79,361/-
Bounded as under
On or towards the North by: Dharsa (Kachacha rasta government)
On or towards the South by: Shrimad Rajchandra Tatva Research Centre, Rajnagar Parli district Raigad property
On or towards the East by: Shrimad Rajchandra Aatma Tatva Research Centre, Rajnagar Parli district Raigad property
On or towards the West by: Kanhailal Talreja

This is to call upon you to submit your objections if any, in the matter before the Assistant Charity Commissioner II, Greater, Mumbai Region, Mumbai at the above address in person or by a pleader on or before 30 days from the date of publication of this notice failing which the change report will be decided and disposed off on its own merits.

Given under my hand and seal of the Jt. Charity Commissioner, Maharashtra State, Mumbai
This **30th** day of Month of **January 2024**

Seal

Sd/-
Superintendent
Public Trust Registration Office
Greater Mumbai Region, Mumbai

**IN THE PUBLIC TRUST REGISTRATION OFFICE**
**GREATER MUMBAI REGION, MUMBAI**
Dharmadaya Ayukat office Sasmira Bhavan,
Sasmira Road, Worli, Mumbai- 400 030
**Public Notice of Inquiry**

**Change Report No. ACC/ II/ 133/ 2024**
Filed by- **Shri Nilesh Mehta**
In the matter of **"Shrimad Rajchandra Aatma Tatva Research Centre"**
**PTR No. E- 19123 (MUMBAI)**

All concerned having Interest:-

Whereas the applicant of the above trust has filed application under section 22 of the Maharashtra Public Trust Act, 1950 for bringing the below described property on the record of the above named trust and an inquiry is to be made by the Asst. Charity Commissioner II, Greater Mumbai Region, Mumbai viz.

Whether below mentioned property is the property of the trust and could be registered in the name of the trust

**DESCRIPTION OF THE PROPERTY:-**

Gram Gathula PHN 35 RNM Rajnandgaon 01 TEH and District Rajnandgaon

| Survey No | Hectors | Rs.Ps. |
|---|---|---|
| 206 | 0.025 | |
| 207/3 | 0.481 | 2.12 |

Purchase consideration - Rs 32,79,421/-
Bounded as under
Survey No 206:
On or towards the North by: Government (Canal Drain)
On or towards the South by: Government Land
On or towards the East by: Land owners land
On or towards the West by: Government (Sewer)

This is to call upon you to submit your objections if any, in the matter before the Assistant Charity Commissioner II, Greater, Mumbai Region, Mumbai at the above address in person or by a pleader on or before 30 days from the date of publication of this notice failing which the change report will be decided and disposed off on its own merits.

Given under my hand and seal of the Jt. Charity Commissioner, Maharashtra State, Mumbai
This **30th** day of Month of **January 2024**

Seal

Sd/-
Superintendent
Public Trust Registration Office
Greater Mumbai Region, Mumbai

**IN THE PUBLIC TRUST REGISTRATION OFFICE**
**GREATER MUMBAI REGION, MUMBAI**
Dharmadaya Ayukat office Sasmira Bhavan,
Sasmira Road, Worli, Mumbai- 400 030
**Public Notice of Inquiry**

**Change Report No. ACC/ II/ 134/ 2024**
Filed by- **Shri Nilesh Mehta**
In the Matter of **"Shrimad Rajchandra Aatma Tatva Research Centre"**
**PTR No. E- 19123 (MUMBAI)**

All concerned having Interest:-

Whereas the applicant of the above trust has filed application under section 22 of the Maharashtra Public Trust Act, 1950 for bringing the below described property on the record of the above named trust and an inquiry is to be made by the Asst. Charity Commissioner II, Greater Mumbai Region, Mumbai viz.

Whether below mentioned property is the property of the trust and could be registered in the name of the trust

**DESCRIPTION OF THE PROPERTY:-**

Village Gathula, PHN 35 RNM Rajnandgaon 01 TEH and District Rajnandgaon located in Gram Panchayat Gathula

| Survey No | Hectors | Rs.Ps. |
|---|---|---|
| 207/17 | 0.810 | 2.35 |

Purchase consideration - Rs 52,29,350/-
Bounded as under
On or towards the North by: Kachcha road
On or towards the South by: Dhanuk Sahu and Tijia Bai
On or towards the East by: Land of Chatwani and Moti Sahu
On or towards the West by: Land of Ramesh Talreja

This is to call upon you to submit your objections if any, in the matter before the Assistant Charity Commissioner II, Greater, Mumbai Region, Mumbai at the above address in person or by a pleader on or before 30 days from the date of publication of this notice failing which the change report will be decided and disposed off on its own merits.

Given under my hand and seal of the Jt. Charity Commissioner, Maharashtra State, Mumbai
This **30th** day of Month of **January 2024**

Seal

Sd/-
Superintendent
Public Trust Registration Office
Greater Mumbai Region, Mumbai

**IN THE PUBLIC TRUST REGISTRATION OFFICE**
**GREATER MUMBAI REGION, MUMBAI**
Dharmadaya Ayukat Office Sasmira Bhavan,
Sasmira Road, Worli, Mumbai- 400 030
**Public Notice of Inquiry**

**Change Report No. ACC/ II/ 155/ 2024**
Filed by- **Shri Nilesh Mehta**
In the Matter of **"Shrimad Rajchandra Aatma Tatva Research Centre"**
**PTR No. E- 19123 (MUMBAI)**

All concerned having Interest:-

Whereas the applicant of the above trust has filed application under section 22 of the Maharashtra Public Trust Act, 1950 for bringing the below described property on the record of the above named trust and an inquiry is to be made by the Asst. Charity Commissioner II, Greater Mumbai Region, Mumbai viz.

Whether below mentioned property is the property of the trust and could be registered in the name of the trust

**DESCRIPTION OF THE PROPERTY:-**

Gram Gathula PHN 32/35 RNM Rajnandgaon 01 TEH and District Rajnandgaon

| Survey No | Hectors | Rs.Ps. |
|---|---|---|
| 207/29 | 0.505 | 0.70 |

Purchase consideration - Rs 32,79,361/-
Bounded as under
On or towards the North by: Dharsa (Kachacha rasta government)
On or towards the South by: Shrimad Rajchandra Aatma Tatva Research Centre, Ashram
On or towards the East by: Ramesh Talreja
On or towards the West by: Girish Talreja

This is to call upon you to submit your objections if any, in the matter before the Assistant Charity Commissioner II, Greater, Mumbai Region, Mumbai at the above address in person or by a pleader on or before 30 days from the date of publication of this notice failing which the change report will be decided and disposed off on its own merits.

Given under my hand and seal of the Jt. Charity Commissioner, Maharashtra State, Mumbai
This **30th** day of Month of **January 2024**

Seal

Sd/-
Superintendent
Public Trust Registration Office
Greater Mumbai Region, Mumbai.

## अनमोल दावा

**“ उठो जागो और मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए।**

## शिक्षा बढ़ी, लेकिन कुशलता?

अर्थिक प्रगति और विकास के आर्थिक प्रगति और विकास लिए शिक्षा का मार्ग जितना आंकें उतना कम है। मोर्चे पर चिंताजनक समाचार है। शिक्षा का दायरा बढ़ा है लेकिन गहनता घटी है। कई वर्षों स्कूल में निकालने के बाद भी कुछ विद्यार्थी पढ़ने और सरल अनुमान जैसे बुनियादी बातों को भी सीख नहीं सकते। गैर मुनाफा लायक संस्था 'प्रथम' का शिक्षा की हालत के बारे में 2023 के लिए वार्षिक रिपोर्ट बताती है कि ग्रामीण क्षेत्रों में 14-18 वर्ष की कन्याओं-किशोरों में से 84 प्रतिशत कम से कम 8 वर्ष स्कूल में गए होते हैं। यह औसत उत्साह प्रेरक है कोरोना के कारण माता- पिता संतानों को स्कूल से निकाल लेंगे यह डर गलत साबित हुआ है। लेकिन इसमें से चौथे हिस्से के दूसरी कक्षा तक मातृ भाषा में लिखी गई पुस्तक भी बराबर पढ़ नहीं सकते। 57 प्रतिशत अधर में रह जाते हैं। मुश्किल से आधे किशोर समय या वजन की गणना कर सकते हैं। मात्र 39 प्रतिशत किशोर बीच से फुटपट्टी से लंबाई माप सकते हैं। बुनियाद इतनी कमजोर हो तो यह लोग अपनी शिक्षा को व्यवहारिक जीवन नौकरी में किस तरह से उपयोग कर सकते हैं? उदाहरण के तौर पर जो किशोर इसमें से मात्र 11 प्रतिशत बैंक लोन के पुनः भुगतान की गणना कर सके। यह कौशल्य विकास शिबिर के प्रशिक्षण कार्यक्रम में जाकर भी क्या करने वाले हैं? इस तरह भी वहां व्यवसायिक शिक्षा युवकों की प्रथम पसंदगी नहीं है। उपर्युक्त सर्वे में मात्र छह प्रतिशत कन्या-किशोर व्यवसायिक शिक्षा लेते थे।

शिक्षा की नीति बनाने वालों को इस रिपोर्ट का गहराई से अध्ययन करने जैसा है। बालकों और किशोरों को स्कूल में भेजने की समस्या बिल्कुल हल हो चुकी है। अब शिक्षा के परिणाम पर ध्यान देने का समय आ गया है। शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए क्या करें। शिक्षकों की संख्या कम हुई है? उनका अपना प्रशिक्षण कच्चा है? अच्छी तरह से पढ़ाई के लिए प्रोत्साहन का अभाव है?

रिपोर्ट में एक महत्वपूर्ण बात यह है कि औसतन 95 प्रतिशत किशोरों के घर में स्मार्टफोन है और वे इसका उपयोग भी करते हैं-अधिकांश मनोरंजन के लिए। नई शिक्षा नीति में शिक्षा में डिजिटल टेक्नोलॉजी करने और अध्ययन क्रम-आधारित शिक्षा के बदले व्यक्तिगत विद्यार्थी पर ध्यान केन्द्रित करने का उद्देश्य रखा है। नीतिकारों को विद्यार्थियों और माता-पिता मोबाइलफोन का उपयोग शिक्षा के लिए करें इस दिशा में विचार करने जैसा है।


हमारी आबादी में युवकों का हिस्सा काफी बढ़ा है। इस बात का आवादी विषय लाभ (डेमोग्राफिक लाभांश) मानकर हमारा ज्ञान देते हैं लेकिन इस लाभ का व्यवहार में साकार करना हो तो युवा धन साक्षकर और कौशल्यपूर्ण होना चाहिए। चीन ने इसके टेक्निकल और व्यवसायिक शिक्षा का व्यापक बनाकर यह सिद्धि प्राप्त की है। 'प्रथम' रिपोर्ट दर्शाती है कि भारत को इस दिशा में काफी कुछ करना है।

व्यापार से साभार




# भारत की म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने की योजना, समस्या सुलझेगी या और बढ़ेगी?

**सौतिक बिस्वास**




गृह मंत्री अमित शाह ने एक हफ्ता पहले म्यांमार के साथ खुली सीमा पर बाड़ लगाने की घोषणा की. उन्होंने कहा, भारत 1,643 किमी (1,020 मील) की इस सीमा को ठीक उसी तरह सुरक्षित करेगा, जैसे हमने बांग्लादेश के साथ लगती देश की सीमा की बाड़बंदी की है, जो इससे भी दोगुनी लंबी है. गृह मंत्री शाह ने कहा था कि सरकार छह साल पुराने मुक्त आवाजाही समझौते को ख़त्म करने पर भी विचार करेगी. यह समझौता भारत और म्यांमार के सीमावर्ती क्षेत्रों के निवासियों को बिना वीज़ा के एक-दूसरे की सीमा में 16 किमी तक की यात्रा की इजाजत देता है.

लेकिन यह कदम चुनौतियों से भरा होगा. कुछ विशेषज्ञों की राय है कि पहाड़ी इलाके में बाड़ लगाना करीब-करीब असंभव है. भारत की यह योजना सीमाई इलाके के लोगों में दशकों पुराने संतुलन को बिगाड़ सकती है और पड़ोसियों के साथ तनाव भी बढ़ा सकती है.

सीमा पर बाड़बंदी जहां की जानी है, उसमें पूर्वोत्तर भारत के चार राज्य अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर और मिज़ोरम शामिल हैं. ऐसा लगता है कि यह कदम दो बड़े घटनाक्रमों की वजह से उठाया गया है. पहला, फरवरी 2021 में हुए सैन्य तख्तापलट के बाद से म्यांमार में संघर्ष बढ़ने से भारतीय हितों के लिए बढ़ा खतरा. संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, इस लड़ाई में करीब 20 लाख लोग विस्थापित हुए हैं. हाल के हफ्तों में जनजातीय विद्रोहियों ने चिन राज्य के प्रमुख शहर पलेत्वा पर क़ब्जे का दावा किया है. इससे म्यांमार और भारत के बीच एक प्रमुख मार्ग बाधित हो गया है. दूसरा, पिछले साल मणिपुर में आरक्षण को लेकर जातीय हिंसा भड़क गई, जिसकी म्यांमार के साथ करीब 400 किलोमीटर लंबी सीमा जुड़ी हुई है. बहुसंख्यक मैतेई और आदिवासी कुकी अल्पसंख्यक समाज में हुई झड़पों में 170 से अधिक लोगों की मौत हुई है और हजारों लोग विस्थापित हुए हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भारतीय जनता पार्टी की मणिपुर में भी सरकार है. सरकार ने बड़ी संख्या में आए अवैध प्रवासियों की बात की है और कहा है कि मणिपुर में आकर बसने वाले म्यांमार के प्रभावशाली ड्रग माफिया और पोस्त की खेती करने वालों ने हिंसा को और भड़काया है. पिछले जुलाई में, भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने म्यांमार की सैन्य नेतृत्व वाली सरकार में विदेश मंत्री थान स्वे से बात की थी. उन्होंने उन्हें बताया था कि भारत के सीमावर्ती इलाके की स्थिति गंभीर है. उन्होंने कहा था कि सीमा पर ऐसी किसी भी कार्रवाई से बचना चाहिए, जिससे हालात और बिगड़ें. उन्होंने मानव और मादक पदार्थों की तस्करी पर भी चिंता जताई थी.

अमेरिकी थिंक-टैंक, विल्सन सेंटर के माइकल कुगेलमैन का मानना है कि सीमा पर बाड़बंदी का कदम भारत की पूर्वी सीमा पर सुरक्षा के बढ़ते दोतरफ़ा ख़तरे की धारणा से प्रेरित है. उन्होंने बीबीसी से कहा, म्यांमार में गहराते जा रहे संघर्ष के प्रभाव को कम करने और अशांत मणिपुर में घुसने वाले म्यांमार के अप्रवासियों के जोखिम को भारत कम करना चाहता है.

कुछ लोग इन कारणों की वैधता पर ही सवाल उठाते हैं, जबकि मणिपुर की सरकार ने संघर्ष के लिए म्यांमार से आने वाले कुकी शरणार्थियों को ज़िम्मेदार ठहराया है. हालांकि इसकी खुद की समिति ने पिछले साल अप्रैल में राज्य में म्यांमार से आए महज 2,187 अप्रवासियों की ही पहचान की थी. म्यांमार में भारत के राजदूत रह चुके गौतम मुखोपाध्याय कहते हैं, म्यांमार से बड़े पैमाने पर अवैध आप्रवासन का यह नैरेटिव झूठा है. ऐसा उस नैरेटिव का समर्थन करने के लिए किया जा रहा है कि कुकी विदेशी और अवैध प्रवासी हैं, वे मणिपुर के नहीं हैं और हाल में शुरू हुए उनके विरोध-प्रदर्शन को म्यांमार से समर्थन मिल रहा है. वो कहते हैं, इसके लिए तर्क और सबूत बहुत कमजोर हैं. कुकी सदियों से मणिपुर में बसे हुए हैं. सीमा पर मुक्त आवाजाही की व्यवस्था, मैतेई समेत सभी समुदायों के लिए अच्छा काम करती रही है और मैतेई लोगों ने तो इसका व्यावसायिक लाभ भी उठाया है.

इस इलाके का अच्छा-खासा अनुभव रखने वाले एक वरिष्ठ रिटायर्ड सैन्य अधिकारी ने नाम जाहिर न करने की शर्त पर कहा कि सीमा पर बाड़ लगाने का कारण नागरिकों की आवाजाही नहीं, बल्कि इसलिए है कि पूर्वोत्तर भारत के कई विद्रोही गुटों ने म्यांमार के सीमावर्ती गांवों और कस्बों में अपने शिविर बना लिए हैं. भारत का पूर्वोत्तर का इलाक़ा दशकों से अलगाववादी विद्रोहों से प्रभावित रहा है. इन इलाक़ों में आर्म्ड फ़ोर्सेस स्पेशल पॉवर एक्ट (अफ़स्पा) सुरक्षा बलों को तलाशी और ज़ब्ती की शक्तियां देता है और सैन्य अभियान के दौरान हुई नागरिकों की मौतों के आरोपों से बचाने वाला यह कानून विवादास्पद साबित हुआ है. उन्होंने कहा कि म्यांमार में छिपे भारतीय विद्रोही आसानी से सीमा में घुस सकते हैं और वसूली और हिंसक गतिविधियों को अंजाम दे सकते हैं. हालाँकि सीमा पर बाड़ लगाने के कदम का विरोध होने की संभावना है. भारत-म्यांमार के बीच ऐतिहासिक धार्मिक, भाषाई और जातीय संबंध हैं- भारतीय मूल के करीब 20 लाख लोग म्यांमार में रहते हैं. लुक ईस्ट पॉलिसी के तहत भारत से ये और आर्थिक क़रीबी आर्थिक संबंध चाहते हैं. भारत ने अपनी लुक ईस्ट पॉलिसी के तहत म्यांमार को सड़क, उच्च शिक्षा, क्षतिग्रस्त पगोडा की मरम्मत के लिए दो अरब डॉलर की मदद दी है, जिसका अधिकांश हिस्सा अनुदान है.

महत्वपूर्ण बात है कि यह सीमा साझा जातीय और संस्कृति वाले लोगों को अलग करती है. मिज़ोरम के मिज़ो और म्यांमार के चिन जातीय चचेरे भाई-बहन हैं. उनके सीमा पार संबंध हैं. खासकर ईसाई बहुल चिन राज्य की सीमा मिज़ोरम से सटी है. सीमा के दोनों ओर नगा हैं. कई नगा म्यांमार से आकर भारत में उच्च शिक्षा हासिल कर रहे हैं. अरुणाचल प्रदेश के वालोंग से शिकारी सदियों से सीमा पार आते-जाते रहे हैं. यह आश्चर्य की बात नहीं है कि मिज़ोरम ने केंद्र सरकार के निर्देशों को दरकिनार कर म्यांमार में भड़के गृहयुद्ध से भागकर आए 40,000 से अधिक शरणार्थियों को शरण दी हुई है. भाजपा के सहयोगी और नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफियू रियो ने हाल ही में कहा था, लोगों के लिए इस मुद्दे का हल कैसे किया जाए और घुसपैठ को कैसे रोका जाए, इसका एक फॉर्मूला तैयार करना होगा, क्योंकि नगालैंड की सीमा म्यांमार से लगती है और सीमा के दोनों तरफ नगा हैं.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 60 : श्री राम ने अहल्या- शिला का स्पर्श किया

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



सूर्योदय हुआ लेकिन पूरा आश्रम क्षेत्र बदल चुका था। गौतम ऋषि अपने शिष्यों के साथ प्रस्थान कर चुके थे। अहल्या एक शिला पर अदृश्य रहकर जीवन यापन करने को विवश हो गई। इस निर्जन आश्रम में उसे अकेले रहना था। वह प्रत्यक्ष रूप से न किसी से संवाद कर सकती थी, और न ही किसी कार्य को संपन्न कर सकती थी। यह आश्रम उसके लिए एक कारागार बन गया। उधर स्वर्ग लोग पहुंचकर इंद्र ने स्वयं के अपने इस कृत्य को यह कहकर सही ठहराने का प्रयत्न किया कि वह यह सब गौतम ऋषि को उनकी तपस्या से विमुख करने के लिए ही कर रहा था। इंद्र के अनुसार गौतम ऋषि की तपस्या से उसके आसन को चुनौती मिल रही थी। अपनी सत्ता को चिरस्थाई बनाने का प्रयत्न करने के लिए इंद्र पतन की किसी भी सीमा तक जाने को तैयार थे। दिन और वर्ष बीतते गए। अहल्या ईश्वर की तपस्या में लीन हो गईं। उन्हें अपनी सुध-बुध न रही। उनकी आत्मा दिव्य और अलौकिक होती गई। ''राम! देखो यही वह पत्थर है, जिसमें अहल्या अदृश्य रूप से विराजमान है।''

''जी गुरुदेव'', राम ने उत्तर दिया।

राम और लक्ष्मण ने उस शिला की ओर देखा। सचमुच ऐसा लगा कि इस पत्थर में एक प्रकाश पुंज है। उस प्रकाश से यह पूरा आश्रम अभी भी जगमग है। रात्रि में भी यहां अंधेरा नहीं होता और अहल्या ने गौतम ऋषि की विरासत को हजारों वर्षों से बचाए रखा है। यह उसका अपना आश्रम है। अहल्या इस आश्रम की प्राण है। आश्चर्य कि हजारों वर्षों में भी उस शिला के ऊपर धूल की कोई परत नहीं जमी है। अहल्या की तपस्या से वह निर्जीव शिला भी सजीव हो उठी है।

''अहल्या तुम्हारी ही प्रतीक्षा कर रही है राम! पास जाकर उसका उद्धार करो।'' गुरु विश्वामित्र ने श्री राम को निर्देश दिया।

को दंडधारी राम श्रद्धा भाव के साथ उस शिला के निकट पहुंचे। श्री राम के पास पहुंचते ही ऐसा लगा कि जैसे उस शिला में अब हलचल होने लगी है। श्री राम ने अपने दोनों हाथ जोड़े और कहा, ''मैं आ गया हूं माते! हजारों वर्षों से आप इस निर्जन वन में कष्ट सहते हुए जिस तरह से साधनारत हैं, उसने आपको देवत्व की ऊंचाई प्रदान कर दी है। मैं आपकी साधना को बारंबार प्रणाम करता हूं और आपके दर्शनों के लिए यहां उपस्थित हुआ हूं।''

ऐसा कह कर श्री राम ने भूमि के पास वाले शिला के निचले हिस्से को स्पर्श किया। शिला में तपस्विनी अहल्या की आकृति उभरने लगी।

(भगवान विष्णु के अवतार मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की गाथा संस्कृत साहित्य में आदिकवि वाल्मीकि से लेकर वेदव्यास श्री कृष्ण द्वैपायन और हिंदी साहित्य में भक्ति काल के महाकवि तुलसीदास और उनके साथ-साथ अनेक कवियों तथा साहित्यकारों द्वारा प्रस्तुत की गई है।


श्री राम कथा हजारों वर्ष पहले की है, लेकिन यह चिर प्रासंगिक है। युगों-युगों तक इसकी उपयोगिता है।श्री राम और रामायण के अन्य प्रेरक चरित्रों से हमें आधुनिक जीवन के लिए उपयोगी अनेक जीवन सूत्र प्राप्त होते हैं। इस लेखक द्वारा प्रस्तुत मौलिक आलेखों और प्रसंगवश कथाओं में भगवान श्री राम की दिव्य कथा का एक अत्यंत साधारण भक्त की कल्पनादृष्टि से,मूल कथा सूत्रों के रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए साहित्यिक प्रस्तुति का एक अनगढ़ प्रयत्नमात्र है।)

### शब्द सामर्थ्य -327

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सुनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गरिया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संख्या 26. हत्या, कत्ल

**ऊपर से नीचे**
1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 326 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वा | द | | सा | म | ना | | कै | दी |
| व | | ख | ल | ना | य | क | | वा |
| लं | प | ट | | ना | क | क | ट | ना |
| बी | | प | | | | ड़ी | | प |
| | अ | ट | प | टा | | | शा | न |
| स | ह | | यो | | | र | ति | |
| ह | म | | द | र | ब | द | र | |
| म | क | र | | सी | ल | | | |
| त | | क्षा | | द | वा | खा | ना | |

### सू- दोकू क्र.327

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.326 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

## संक्षिप्त बिस्लेशन

### लइका ल बने लगथे, ममा दाई-ममा दाऊ के गांव

मनखे 'जइसे अपन दाई के पेट ले जनम लेथे वहिच बेरा ले लइका के नत्ता-गोत्ता संसार म पहिली ले जनम धरे रिसते बंध के संग जुड़ जथे। आजकल नत्ता के नाव हर धीरे-धीरे परिवर्तित होवत जावत हे।

पहिली जमाना म दादा-दादी ल डोकरा बबा-डोकरी दाई अउ नाना-नानी ल आजा-आजी, ममा दाई -ममा दाऊ काहय। हमू हर वइसनेच कहान फेर बाद म हमरे शहरिया संगवारी मन दादा-दादी, नाना-नानी काहत लागिन त हमला बऊरे नत्ता ल बदल के बोले बर थोरिक लाज लगे।

टीवी हर छत्तीसगढ़िहा नत्ता ल बिगाड़िस। जइसे छत्तीसगढ़ी फिलिम बनिस-झन भूलो मां -बाप ल, पापा मम्मी, डैडी के गोठ बात ल मिझार दिस। जनम देवइया ल दाई-ददा, अउ ददा के बाप ल बबा ओकर दाई ल डोकरी दाई काहन। कोनो रिसता के केवल अर्थ नइ होवय बिस्तार ब्याख्या होथे। नारी के पहिचान-आई -माई, दाई ले होथे। आई-दीदी, माई-माई लोगन, दाई -जनम देवइया महतारी ल कहिथे।

मनखे के जिनगी म नत्ता-गोत्ता जब जोत्था हो जथे तहां ले मनखे ल एक दूसर तीर आय-जाय म डर तराश नइ लगे। जतेर रिसता अपन ले बड़े होथे वोकर बीच रहे म मनखे ल गरब होथे।

कहे जाथे नारी दु कुल के लाज राखथे, एक पति के दुसर मइके के। जइसन के नाता रिसता गांव कोती रहिथे वइसनेच किसम के बेटी के मइके कोती घलोक रइथे।

#### ये रिसता के मजा बेटा-बेटी मन कईसे लेथे आवव चर्चा करन

आजा-आजी (ममा दाऊ -ममा दाई) आज के नाना-नानी के गांव। नाती-नतनीन के दूई प्रकार हे-एक बेटा डाहर के दुसर बेटी के। बेटा के लोग लइका ल मया-परेम बबा-डोकरी दाई ल अरज-गरज म करेच ल पड़थे, कभु-कभु तो लइका लोग के सेवा जतन करे के उनकर ठेका हो जथे। बेटी के नाती-नतनीन ल मया करे के तीन कारन हे-एक तो समानता के भाव ले, दुसर बेटी-बेटी होय के कारन, तीसर दू तीन बेटा म एके झन बेटी होय के कारन ले। ओ दाई-ददा बेटी नाती-नतनीन ल बड़ मया करथे जेनहर बेटी दमाद ल मया करथे। फेर कभु-कभु अइसे देखे ल मिलथे बेटी-दमांद ल भले पसंद नइ करही फेर नाती-नतनीन ल बड़ पसन्द करथे।

आजा-आजी दाई के गांव के अलगेच महत्ता होथे। नानपन मे लइका मन ल ममा दाऊ-ममा दाई के गांव जाय के बड़ साध लगथे। काबर कि ऊहां जाय के बाद ममा-मामी के टूरी-टूरा संग इतरा -इतरा के खेले म बड़ मजा आथे। लइका मन ल जइसे बर-बिहाव, सट्ठी, पुजा के खबर होथे आजा - आजी (नाना-नानी) के गांव जाय बर मन म उमंग उछाल मारे लगथे।

कतको झन लइका मन पढ़ई-लिखई के परीक्षा के बाद ममा-मामी गांव जाय बर पहिली ले सधाय रहिथे। हमु मन नान-नान रेहेन त ममा दाई - ममा दाऊ के गांव जाय के बड़ साध रखन।

ममा-मामी के गांव म जाके लइका अपन आप ल हीरो ले कम नइ समझे, गांव भर म अपन नाव अऊ गांव के प्रचार करथे। गांव भरके पारा -मोहल्ला के लइका मन संग खेलत-कुदत दोस्त बना लेथे। तब पारा मोहल्ला के मन कहे लगथे कोन गांव के लइका ये रे.. बड़ फुन्नाक हे। त बताथे वो फलानी के टूरा फलाना के नाती ताय ।

बेटी नाती एक प्रकार के नेवतार पहुना (आमंत्रित अतिथि) ले कम नइ होय जेकर जम्मों जोरा करें के जिम्मेदारी ममा दाई -ममा दाऊ के होथे। नवा-नवा कपड़ा, किसम-किसम के खजानी, बिना केहे-बोले आयता ओकर तीर आय लगथे। बीना गारी-गल्ला के सोग सोगसोगान असन मया करई, चिक्कन -चिक्कन, रंग-रंग के खवई -पिअई ले बेटी नाती के भाग खुल जथे।

अइसने बाढ़त मया-प्रेम ले बेटी नाती धीरे-धीरे मेछरॉय लगथे। परोस के आन लइका संग झगरा करे लगथे। अउ बाद म बेड़जत्ता तको हो जथे। त परोसी मन शिकायत करे लगथे।

अब काय करे दुसर के लइका ल मार-पीट घलोक नइ कर सके। येति ममा -मामी ल तो भांचा ल छुए पाप हे।

जब धमा-चौकड़ी बाढ़े लगथे त ममा दाई के मया पतराय लगथे। कहे लगथे -आहा काय रे ददा, ये लइका ल सऊंख म रख परेन त हमर घर म ये कहां के कऊंरव नगर के राजा आजकल बिधुन मचाथे। भईगे ददा अब येकर बाप आके येला ले जहि। अब येती स्कूल खुले के बेरा घलो आवत हे। फेर नाती के गलती म क्रोध के भावना नइ रहाय जुबान म भले कही देथे, घर के समान ल कोनो एति-तेती करथे त ममा दाई, मामी -ममा नत्ता ल पिरो- पिरो के समान ल तिरियाथे घलोक।

जब आखिर म घर जाये के बेरा बिदा करत ममा दाई -दाऊ, संग ममा-मामी प्रेम भाव रखत दू पईसा धराके, उपद्रवी बात ल भुलाके कहीथे -अऊ आबे भाँचा जवात हस तोर बिना सुन्ना लगही ये भाखा ल बोलके मया के अटूट रिसता के गठरी ल बांध लेथे।।

जोहार छत्तीसगढ़!!



**मदन मंडावी**
**ग्राम -ढारा (करेला)**
**डोंगरगढ़, राजनांदगांव**

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। व्यापार को बढ़ाने से धन लाभ में काफी इजाफा होगा। आपकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। किसी काम को करने में आज जल्दबाजी करने से बचें, नहीं तो कार्य कुछ देर के लिए उलझ सकता है। किसी जरूरी काम के पूरा होने पर बधाईयां देने के लिए लोगों का आवागमन लगा रहेगा।

**वृषभ** — आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। ऑफिस में आज किसी बड़े काम की जिम्मेदारी दी जाएंगी, जिसे पूरा करने में आप सफल होंगे। आज सामने आई सभी चुनौतियों का डटकर मुकाबला करेंगे तो सफलता हाथ लगेगी। आज जीवनसाथी के साथ घर पर ही मूवी देखेंगे। ड्राई क्लीनर्स के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है।

**मिथुन** — आज पूरे दिन भाग्य आपके साथ रहेगी। जिस काम को कई दिनों से पूरा करने की सोच रहें है वो आज किसी के मदद से पूरा हो जाएगा। आज दूसरों से बात करते समय सही भाषा का प्रयोग करें। अगर पहले से ली हुई जमीन को बेचना चाह रहें है तो आपको इससे काफी फायदा होगा।

**कर्क** — आज जिस काम को पूरा करना चाहेंगे वो आसानी से पूरा हो जाएगा। शाम को घर की जरूरत का सामान लेने मार्केट जाएंगे, जाते समय जेब में थोड़े ज्यादा पैसे लेकर जाएं क्योंकि आज खर्च बढ़ सकता है। बिजनेस के सिलसिले से आज किसी जरूरी मिटिंग में हिस्सा लेंगे। आपकी सैलरी में बढ़ोतरी हो सकती है।

**सिंह** — आगे बढ़ने के लिए आज का दिन बेस्ट है। कई दिनों से आपकी तरक्की में आ रही रूकावटें आज दूर हो जाएंगी। इस राशि के बिल्डर्स को आज धनलाभ होगा, साथ ही कोई अच्छा कॉन्ट्रेक्ट मिलेगा। पहले से बनाई हुई योजनाएं आज पूरी हो जाएंगी। परिवार में आज सुख-शांति का माहौल रहेगा।

**कन्या** — आज का दिन बिजनेस में फायदा दिलाने वाला रहेगा। इस राशि के नौकरी कर रहे लोगों को आज आगे बढ़ने का सुनहरा मौका मिलेगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन काफी बढ़िया रहेगा। पढ़ाई-लिखाई में मन लगेगा। अगर आप इंटरव्यू देने जा रहे है तो उसमे सफलता प्राप्त होगी। आज आप सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे।

**तुला** — आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। आज पॉपर्टी में निवेश करने के लिए दिन अच्छा है। आज आप जीवनसाथी के साथ धार्मिक स्थल पर दर्शन करने जाएंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर है। किसी प्रतियोगी परीक्षा का परिणाम आपके पक्ष में आएगा। आज अचानक आपको आय के नए स्त्रोत मिलेंगे।

**वृश्चिक** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपकी कार्य क्षमता ऑफिस में आपके दिन को बेहतर बनाने में मददगार साबित होगी। आज आपको अपने विरोधियों से सावधान रहने की जरूरत है। आप बढ़ी हुई ऊर्जा के साथ कोई कार्य करेंगे तो कम समय में पूरा हो जाएगा।

**धनु** — आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। ऑफिस में आपका कॉन्फीडेन्स देखकर बॉस आपसे खुश हो जाएंगे। अगर आज नए काम को शुरू करें तो आगे चलकर आपको काफी फायदा होगा। आज किसी से बात करते समय मधुर भाषा का प्रयोग करें। विरोधी आज आपसे दोस्ती करने के लिए हाथ आगे बढ़ाएंगे।

**मकर** — आज का दिन ठीक रहेगा। आज ऑफिस के कार्यों को लेकर किसी पर भरोसा न करें। अपना कार्य खुद करें तो ज्यादा अच्छा रहेगा। बिजनेस में साझेदारी सोच-समझ कर ही करें साथ ही नई योजनाओं को लागू करने से लाभ होगा। परिवार में चल रही अनबन आज समाप्त हो जाएगी। कालात्मक कार्यों में आज आपकी रूचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए उन्नति लेकर आया है। प्रॉपर्टी डीलर के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है। कई सालों से नही बिक रही जमीन आज अच्छे दामों में बिक जाएंगी। स्वास्थ्य अच्छा बनाए रखने के लिए टहलना फायदेमंद साबित होगा। आज आर्थिक लाभ की संभावना बन रही है। आपका मन किसी पुराने मित्र से मिलने का करेगा।

**मीन** — आज का दिन बढ़िया रहने वाला हैं। इस राशि के ट्रैवेल्स एजेंसी चला रहे लोगों को आज रोज की अपेक्षा ज्यादा फायदा होगा। कहीं रुका हुआ पैसा आज अचानक ही आपको वापस मिलेगा। जिससे आपको बहुत खुशी होगी। आज किसी करीबी से फोन पर काफी देर तक बात होगी। आज घर पर ही परिवार वालो के साथ इंज्वाय करेंगे।

# बुद्ध और आंबेडकर की राह पर चलने का आह्वान



**तथागत की शरण में पहुंचे देश विदेश के हजारों अनुयाई**

डोंगरगढ़ (दावा)। प्रज्ञागिरी ट्रस्ट समिति द्वारा आयोजित 31वे अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मलेन में देश-विदेश के हजारों की संख्या में डोंगरगढ़ प्रज्ञागिरि स्थित विशाल बुद्ध प्रतिमा के समक्ष पहुंचे बौद्ध उपासक एवं उपासिकाओं ने भदंत, धम्म सेना नायक आर्य नागार्जुन सुरेई ससाई की उपस्थिति में भाग लिया।

कार्यक्रम का प्रारंभ कालकापारा डोंगरगढ़ स्थित बौद्ध विहार से विशाल धम्म रैली धम्म गुरुओं के नेतृत्व में निकली। रैली कालकापारा होते हुए छिरपानी, संजय नगर होते हुए प्रज्ञागिरी स्थित विशाल बुद्ध प्रतिमा के समक्ष पहुंची। रास्ते में स्थित भीमराव आम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर पूजा अर्चना की गई।

धम्म गुरुओं के नेतृत्व में हुआ आयोजन - देश विदेश से आए बौद्ध भिक्ष एवं जनप्रतिनिधियों ने 30 फीट ऊंची भगवान बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष बौद्ध वंदना परित्राण पाठ किया। सम्मेलन में दीक्षित आवले, अधीर बागडे, विनय पाटिल, अशोक गजभिए, अनिल खोब्रागडे, अनिल गजभिए, संतोष मेश्राम, प्रवीण भोरे, अनिल गजभिए, धीरज मेश्राम, धन्ना गणवीर, सुरेश सहारे, शैलेंद्र डोंगरे, सुनील नागदोने, विजय टेम्बुरकर, विद्यानंद डोंगरे, पंचशीला सहारे, प्रेमलाल मेश्राम, नलिनी संतोष मेश्राम, श्रीनिवास राव, अनिल मेश्राम, प्रमोद टेम्भुरकर, संजय रामटेके, संतोष लांजेवर, अनिकेत मेश्राम, हरविंदर एस मंगे, परविंदर सिंह मोंटी, संतु राव, प्रकाश बिंदल, शुभम खोब्रागड़े, मयंक डोंगरे, उपेंद्र इंदुरकर आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

बुद्ध के मार्ग पर चलने का आव्हान किया धम्म गुरुओं ने - सम्मेलन के दौरान धम्म गुरुओं व अतिथियों ने गौतम बुद्ध को शांति का सारथी बताते हुए बौद्ध धम्म से जुड़ी गाथाओं व विचारों को रखने के अलावा भीमराव अंबेडकर के संघर्ष और समाज उत्थान के लिए किए गए प्रयास को रखते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का आव्हान किया। कार्यक्रम में उपस्थित दिलीप वासनिक ने आयोजन के लिए सभी को बधाई देते हुए लोगों से तथागत भगवान गौतम बुद्ध के रास्ते पर चलने एवं बाबा भीमराव अंबेडकर के आदर्शों को अपनाकर संगठित होकर चलने की बात कही। प्रज्ञागिरी ट्रस्ट समिति के संरक्षक बौद्ध गया महाविहार मुक्ति आंदोलन के प्रेरक आर्य नागार्जुन सुरेई ससाई ने जापानी एवं हिंदी में अपने विचार रखे। कार्यक्रम में रायपुर के सुबोध खोब्रागड़े ने जापानी भाषा एवं बौद्ध गुरुओं के सम्मान में अपने विचार रखें। इस दौरान बौद्ध गीतों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहा।

बुद्ध वंदना में धम्म गुरुओं के साथ भाग लिया हजारों अनुयायियों ने - इस मौके पर सामाजिक सभा का आयोजन किया गया। सभा में आईएएस दिलीप वासनिकर मुख्य अतिथि थे। अध्यक्षता केएन कांडे ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में सुनील रामटेके, अनिल खोब्रागड़े, भोजराज गौर खेड़े, विवेक वासनिक, सारंग हुमने एवं सुदेश मेश्राम थे। अतिथियों ने कार्यक्रम की शुरुआत में भगवान बुद्ध एवं बाबा भीमराव अंबेडकर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर बौद्ध वंदना किया। इस दौरान ट्रस्ट समिति के पदाधिकारी ने उपस्थित अतिथियों सहित जापान, थाईलैंड, कर्नाटक सहित अन्य स्थानों से आए भदंत भंते का सम्मान किया। इस मौके पर ट्रस्ट अध्यक्ष विनोद खांडेकर ने अपने में स्वागत भाषण कर प्रज्ञागिरी में केंद्र एवं राज्य सरकार के सहयोग से हो रहे विकास कायों के अलावा प्रसाद योजना के माध्यम से 4 करोड़ की लागत से बन रहे विपासीयना केंद्र में आने वाले लोगों के मिलने वाली सुविधा, पहाड़ी के नीचे से बौद्ध प्रतिमा तक सड़क निर्माण की रूपरेखा को रखा।

# साहू समाज के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने उप मुख्यमंत्री को आमंत्रण



डोंगरगढ़ (दावा)। नवगठित तहसील साहू संघ लालबहादुरनगर का शपथग्रहण समारोह में शामिल होने समाज के वरिष्ठजनों ने, उपमुख्यमंत्री अरूण साव से सौजन्य मुलाकात कर निवेदन किया है। प्रतिनिधि मंडल ने जिला साहू संघ राजनांदगांव के संरक्षक डां नीरेंद्र साहू कोषाध्यक्ष, नोबल साहू के नेतृत्व में नवीन तहसील साहू संघ लालबहादुर नगर के संरक्षक देवेन्द्र साहू अध्यक्ष लक्ष्मण साहू उपाध्यक्ष कमलेश साहू के नेतृत्व में मुलाकात कर आशीर्वाद लिया।

उपमुख्यमंत्री द्वारा प्रतिनिधि मंडल को शामिल होने आश्वस्त किया गया है।

## पहला कॉलम...

### मचानपार में दो दिवसीय विराट देवी जय गायन प्रति 10 से

हरदी (दावा)। ग्राम मचानपार में 10 एवं 11 फरवरी को विराट देवी जय गायन एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। आयोजक समिति के सचिव माधव साहू ने बताया कि यह आयोजन का 25वां वर्ष है जिसे इस वर्ष रजत जयंती समारोह के रूप में भव्य मनाया जायेगा। झांकी में प्रथम पुरस्कार 4001 रु रखा गया इसी प्रकार गायन में प्रथम पुरस्कार 2001 एवं सभी मंडली के लिए सदाबहार पुरुस्कार भी रखा गया है। यह आयोजन जय आदर्श फाग सेवा भंजन मण्डली एवं समस्त ग्रामवासी द्वारा आयोजित है।

### ग्राम जादूटोला पहुंचे भाजपा नेता केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की दी जानकारी



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। भाजपा के गांव चलो अभियान के अंतर्गत भाजपा मंडल अंबागढ़ चौकी के ग्राम जादूटोला से अभियान की शुरुआत की गयी, जिसमें मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी उपस्थित रहे। अभियान के तहत केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बताते हुए उनके लाभार्थियों से मुलाकात कर फीडबैक लिया गया, राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजना महतारी वंदन योजना की सभी पात्र महिलाओं को योजना के बारे में बताते हुए सभी शंकाओं को दूर किया गया, इस अवसर पर उपस्थित हितग्राहियों व लाभार्थियों ने केंद्र की मोदी सरकार एवं राज्य सरकार का धन्यवाद किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री देवनारायण कुंभकार, पुरुषोत्तम ठाकुर, जीवन साहू, पूरान साहू, योगी यादव, डूमेंद्र, लक्ष्मीकांत, सुमित्रा बाई, गौतरहीन भाई, भानबाई, रीवा बाई, अश्वनी साहू,सावित्री बाई, नीलकंठ साहू, रमशीला, ज्योति यादव, खिलेश्वरी मैंना बाई, भंवरलाल, भूरी बाई, दशरथ साहू, हेमबाई सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित रहे।

### रक्तदान शिविर व नि:शुल्क होम्योपैथी ईलाज परामर्श शिविर 11 फरवरी को

डोंगरगढ़ (दावा)। धर्मनगरी डोंगरगढ़ में समाजसेवी स्व.पुरुषोत्तम दास दरगढ़ की स्मृति में विशाल रक्तदान शिविर व नि:शुल्क होम्योपैथी ईलाज परामर्श शिविर का आयोजन किया जाना है। जिसमें डॉ ममता महेश्वरी अपनी सेवाएं प्रदान करेगी। आयोजन समिति हनुमान भक्त युवा समिति व माहेश्वरी समाज डोंगरगढ़ द्वारा उक्त शिविर का लाभ लेने की अपील जन सामान्य से की गई है। शिविर का आयोजन दिनांक 11 फरवरी दिन रविवार समय-सुबह 10 से संध्या 04 बजे तक महावीर मंदिर प्रांगण, डोंगरगढ़ में किया जाना है।

### नाट्योत्सव-2024 का आयोजन 20 फरवरी से



डोंगरगढ़ (दावा)। नाट्योत्सव-2024 का आयोजन 20 फरवरी को प्रतिदिन संध्या सात बजे से, बम्लेश्वरी मंदिर प्रांगण में इप्टा डोंगरगढ़ द्वारा आयोजित किया जाना है। जिसमें एक था गधा उर्फ अलादाद खाँ राष्ट्रभाषा परिवार, नागपुर द्वारा जब मैं सिर्फ एक औरत होती हूँ राजनांदगांव थियेटर 21 फरवरी को नाचनी, नृत्यांजलि कथक केंद्र, जबलपुर द्वारा आप कौन चीज के डायरेक्टर हो जी। इप्टा, भिलाई द्वारा 22 फरवरी को जहर, नाट्यगंगा, छिंदवाड़ा द्वारा रंग-प्रसंग, के. के. नायकर जबलपुर द्वारा किया जाना है। इसका प्रदर्शन प्रतिदिन संध्या सात बजे से, बम्लेश्वरी मंदिर प्रांगण में किया जाना है। इप्टा डोंगरगढ़ द्वारा आयोजन को सफल बनाने की अपील नाट्यप्रेमी जनता से की गई है।

# महतारी वंदन योजना का फार्म भरने का आज तीसरा दिन, महिलाएं गदगद

**प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री साय के प्रति आभार व्यक्त किया**



हरदी (दावा)। विधानसभा चुनाव के पहले मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मोदी जी के गारंटी के तहत प्रत्येक विवाहित महिला को प्रतिमाह 1000 देने का वायदा किया था। जो आज महिला वंदना योजना का फार्म भरवाकर कारगार साबित हो रहा है। ग्राम पिनकापार (जेवरतला) की महिलाएं महतारी वंदन योजना का फार्म भरकर बहुत ज्यादा खुश नजर आए। महिला अनिता देवांगन ने बताया कि महतारी वंदना योजना की फार्म भरने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। सचिव एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता फार्म भरने में मदद कर रही है। महिला भोज साहू ने बताया कि खुशी इस बात की है कि हमारे महिला सरपंच सोमिन भुआर्य फार्म भरवाने सक्रिय हैं। महिलाओं का कहना है कि हमारी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। महतारी वंदना योजना के पैसे को बच्चों की पढ़ाई लिखाई पर खर्च करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महतारी वंदना योजना की प्रक्रिया प्रारंभ की है। पिनकापार भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। कार्यकर्ता जाग्रत देवांगन ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में हमारी टीम घर-घर जाकर एक-एक महिला को महिला वंदन योजना के बारे में ज्यादा फोकस किया था और हमने पिनकापार के दोनों बूथ से बढ़त बनाने में कामयाब रहा। पूर्व सरपंच एवं भाजपा नेता दिलेश्वर भुआर्य ने कहा महतारी वंदन योजना सरकार के लिए कारगार साबित होगा। मुख्यमंत्री के आदेशानुसार सहयोग कर रहे हैं। कि कोई भी पात्र महिला महतारी वंदन योजना से वंचित न रहे। इंदु भुआर्य, शुभम देशमुख, पप्पू कौशिक, जनक खरे, नजर बनाए हुए हैं एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। महिलाओं की भीड़ को देखते हुए सचिव बलदाऊ देवांगन ने व्यवस्था को चाक चौबंद रखा है।

# रामलह्ला जी के दर्शन के लिए दुर्ग से स्पेशल ट्रेन में खैरागढ़ जिले से 90 राम भक्त रवाना



खैरागढ़ (दावा)। अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के बाद छ.ग. सरकार द्वारा प्रदेश से रामदर्शन योजना अन्तर्गत आज स्पेशल ट्रेन की पहली ट्रेन को दुर्ग से रवाना करने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, दयाल दास बघेल छ.ग. शासन के मंत्री, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरम लाल कौशिक एवं संभाग के सभी जन प्रतिनिधि एवं संगठन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में दुर्ग संभाग के सभी 20 विधानसभा के लिए अलग-अलग बोगी में बैठाकर दुर्ग से अध्योधा के लिए प्रस्थान किया गया। जिसमें खैरागढ छुईखदान गण्डई से 90 रामभक्त अयोध्या दर्शन के लिए प्रस्थान किये, सभी राम भक्तों को दुर्ग रेल्वे स्टेशन पहुंचकर जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू एवं जिला सहसंयोजक विकेश गुप्ता ने सभी दर्शनार्थियों को मगंलमय यात्रा की शुभकामनाएं दी और प्रभु श्री रामचंद्र से प्रदेशवासियों के लिए आशीर्वाद के साथ प्रसाद लेकर आने की कामना किये। पहला जत्था में जिला से हर प्रसाद वर्मा, केशव चंदेल, पारस ठाकरे, नरोत्तम सिन्हा, ललित सोनी गोरेलाल वर्मा, संतन साहू, महेन्द्र यादव, संतोष ठाकुर, भुवन वर्मा आनंद पटेल, मनोज जैन, कृष्णकांत महोबिया, उमेश वर्मा, अनुज साहू, सहित छः मण्डल से 90 रामभक्त अयोध्या के लिए रवाना हुए। इसी तरह दूसरी ट्रिप 28 फरवरी को रवाना होगी जिसमें भी जिला के कार्यकर्ता अयोध्या दर्शन को जायेंगे।

# संकुल साल्हेटोला में शिक्षकों एवं शाला प्रबंधन समिति की कार्यशाला संपन्न




छुरिया (दावा)। संकुल साल्हेटोला में शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं शिक्षकों का एक दिवसीय कार्यशाला बुधवार को शासकीय हाईस्कूल साल्हेटोला में संपन्न हुआ।

सर्वप्रथम मां सरस्वती के तैल्य चित्र पर पूजन अर्चन कर कार्यशाला प्रारंभ हुआ। इस एक दिवसीय कार्यशाला में शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं शिक्षकों के आपसी सामंजस्य का बेहतर तरीके से क्रियान्वयन कर शाला में शिक्षा का स्तर बढ़ाने के साथ ही अपनी शाला एक आदर्श शाला के रूप में परिलक्षित हो सकें इसी उद्देश्य को लेकर मास्टर ट्रेनर्स संकुल समन्वयक सुरेश साहू एवं अविनाश मानिकपुरी ने सारगर्भित चर्चा-परिचर्चा कर कार्यशाला को रोचकतापूर्ण तरीके से संपन्न कराया।

इस एक दिवसीय कार्यशाला में संकुल आश्रित शालाओं के शाला प्रबंधन समिति के सदस्यगण एवं शिक्षकों की उपस्थिति रही।

इस अवसर पर संकुल प्राचार्य एम.आर. पंचारे ने कहा कि अपनी शाला को एक आदर्श शाला बनाने के लिए शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं शिक्षकों को आपस में मिलकर कार्य करना है। इसीलिए यह कार्यशाला आयोजित किया जा रहा है ताकि शिक्षक-पालक अपने बच्चों के प्रति पूरी ईमानदारी से उनको बेहतर शिक्षा प्रदान करने अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकें।

इस कार्यशाला में शिक्षकगण यु.डी.सार्वा, सम्पत सलामें, दीप कुमार वर्मा, उत्तम प्रसाद दुबे, तुकाराम चंद्रवंशी, टुकेश मंडावी, उमेश कुमार साहू, नारायण प्रसाद दिनकर, एच.के.कुम्भकार, रितेश चक्रधारी, एसएमसी सदस्यों श्रवण मंडावी, दिपक बाई, लुकेश्वरी, कलेन्द्री बाई, सरस्वती बाई, नेमिन बाई, चमेली बाई, भुनेश्वरी बाई, रूपेश्वरी, सुरेखा बाई, रूमा चंद्रवंशी चुनूराम, बिसरूराम, परदेशी राम, सहित सभी शालाओं के सदस्य एवं पालकगण सम्मिलित हुए ।

# महिला बाल विकास विभाग के सामूहिक कन्या विवाह में शामिल हुए 11 जोड़े



डोंगरगढ़ (दावा)। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत 11 जोड़े शामिल हुए। स्थानीय लोधी भवन खैरागढ़ रोड में सम्पन्न सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन महिला बाल विकास विभाग द्वारा किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विवाह करने वाले प्रत्येक जोड़ों को 21 हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया। बाकी राशि का सामान व भोजन व पंडाल में खर्च किया जाता है। शासन की ओर से प्रत्येक जोड़े के लिए 50 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाती है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सुरेश मेश्राम, नेता प्रतिपक्ष अमित छाबड़ा, सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह (मोंटी), बौद्ध समाज के अध्यक्ष डा .मुन्नालाल नंदेश्वर सहित अन्य सामाजिक प्रमुख शामिल रहे।

# आज से ग्राम खजरी में खैरागढ़ विश्वविद्यालय का एनएसएस कैंप

**प्रतिदिन होगी रोचक प्रस्तुति**

खैरागढ़ (दावा)। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 7 दिवसीय विशेष शिविर समीपस्थ ग्राम खजरी में लगाया जाएगा। यह शिविर 'नशामुक्त समाज के लिए युवा' विषय पर केंद्रित होगा।

विश्वविद्यालय के एनएसएस प्रभारी डॉ. दिवाकर कश्यप ने बताया कि कुलपति पद्मश्री डॉ. ममता (मोक्षदा) चन्द्राकर के संरक्षण तथा मार्गदर्शन में आयोजित होने जा रहे। इस शिविर का उद्घाटन कुलसचिव प्रो. डॉ. नीता गहरवार के मुख्य आतिथ्य में 8 फरवरी की शाम 5 बजे किया जाएगा। ग्राम पंचायत खजरी के सरपंच जेठू मारकंडे उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करेंगे। प्राथमिक शाला खजरी के प्रधानाचार्य ज्ञानेश्वर यादव विशिष्ट अतिथि होंगे।

इस 7 दिवसीय आयोजन में विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठाता, प्राध्यापक, सहा. प्राध्यापक, शिक्षक विशेषज्ञ वक्ता के रूप में शामिल होंगे, वहीं प्रतिदिन शाम 6 से 8 बजे एनएसएस कैडेट्स के द्वारा जन जागरूकता संबंधी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके अतिरिक्त 12 फरवरी की रात्रि 8 बजे इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के नाट्यविभाग द्वारा उषा प्रियम्वदा की 'वापसी' कहानी पर आधरित नाट्य प्रस्तुति दी जाएगी, वहीं 13 फरवरी की शाम 5 बजे लोकसंगीत विभाग द्वारा विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी।

विशेषज्ञ वक्ता के रूप में प्रो. डॉ. नमन दत्त (अधिष्ठाता, संगीत संकाय), डॉ. खुशबू बिसेन (चिकिसक), डॉ. हरि हरि (सहायक प्राध्यापक), डॉ. प्रो. राजन यादव (अधिष्ठाता, दृश्य-कला संकाय), डॉ. रबि नारायण गुप्ता (सहायक प्राध्यापक), डॉ. अजय पांडेय (योग प्रशिक्षक), डॉ. योगेंद्र चौबे (विभागाध्यक्ष, नाट्य एवं लोकसंगीत विभाग), डॉ. मानस साहू (सह-प्राध्यापक), डॉ. जगदेव नेताम (सहायक प्राध्यापक), डॉ. लिकेश्वर वर्मा (सहायक प्राध्यापक), विवेक नवरे (सहायक प्राध्यापक), डॉ. देवमाईत मिंज (सह-प्राध्यापक), डॉ. छगेंद्र उसेंडी (सहायक प्राध्यापक) और विनोद डोंगरे (जनसंपर्क अधिकारी) विशेषज्ञ वक्ता के रूप में शामिल होंगे। शिविर का समापन 14 फरवरी की सुबह 10 बजे राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ. सुरेश पटेल के मुख्य आतिथ्य में होगा।

# पोष्ट मेट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास के एलुमिनी अरविंद गोटे बने अध्यक्ष, चंद्रेश ठाकुर बने संरक्षक

**जरूरतमंद मेधावी विद्यार्थियों एवं गंभीर रूप से बीमार लोगों के मदद हेतु कोष बनाने का लिया गया निर्णय**



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय पोष्ट मेट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास महेश नगर राजनांदगांव के वर्तमान एवं भूतपूर्व विद्यार्थियों का संगठन अर्थात छात्रावास के एलुमिनी का गठन रविवार 04 फरवरी को छात्रावास के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से छात्रावास के भूतपूर्व छात्र अरविंद गोटे को एलुमिनी का अध्यक्ष एवं छात्रावास के भूतपूर्व अध्यक्ष चंद्रेश ठाकुर को संरक्षक नियुक्त किया गया। इसी तरह छात्रावास के भूतपूर्व छात्र राजेन्द्र कोला को उपाध्यक्ष, अनिल तारम को कोषाध्यक्ष एवं मनोज चंद्रवंशी को सचिव नियुक्त किया गया है। इसके अलावा सर्वसम्मति से छात्रावास अध्यक्ष को प्रत्येक शिक्षा सत्र के लिए पदेन सहसचिव मनोनित करने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही मनेश मण्डावी को एलुमिनी के वर्चुअल बैठक आयोजन के प्रभारी की भी जिम्मेदारी दी गई है। बैठक में एलुमिनी के कार्यकारिणी सदस्य एवं अन्य पदाधिकारियों का मनोनय आगामी बैठक में करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में सर्वसम्मति से छात्रावास के आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद मेधावी विद्यार्थियों को अध्ययन-अध्यापन तथा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के अलावा छात्रावास के वर्तमान एवं भूतपूर्व विद्यार्थियों के गंभीर स्वास्थ्यगत समस्या उत्पन्न होने पर उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान करने कोष गठित करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए शीघ्र ही छात्रावास एलुमिनी का खाता खुलवाने तथा एलुमिनी का बायलॉज भी सर्वसम्मति से बनाने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा छात्रावास में अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु समुचित मात्रा में पाठ्य पुस्तक की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु लाईब्रेरी में जरूरी पुस्तकों का भी प्रबंध करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में सर्व भूपेन्द्र मण्डावी, लखन सोरी, पुरूषोत्तम मण्डावी, मन्ने सिंह मण्डावी, भागवत तारम, रूकधन चुरेंद्र, रोहित घराना, मनोज पिस्दा, थानुराम भुआर्य, दिनेश हिडामे, नंदकिशोर अमरिया, मोहन पुरामे, बलवंद उइके सहित अन्य भूतपूर्व के अलावा छात्रावास के उपाध्यक्ष डामेश्वर चंद्रवंशी, सचिव हितेश चुरेंद्र, सहसचिव रूपेश सहारे सहित अन्य पदाधिकारियों के अलावा वर्तमान एवं भूतपूर्व विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

# पहला कॉलम...

## इंडियाना की पर्ड्यू यूनिवर्सिटी में मृत मिला इंडियन स्टूडेंट

नई दिल्ली।अमेरिका में भारतीय छात्रों पर हमले की घटनाएं लगातार हो रही हैं। शिकागो में भारतीय छात्र पर हमलावरों द्वारा दौड़ाकर किए गए जानलेवा हमले की खबर सुर्खियों में थी कि इंडियाना से भी भारतीय छात्र पर हमले की खबर आ गई। इंडियाना के पर्ड्यू विश्वविद्यालय में 23 साल का भारतीय छात्र मृत पाया गया। गौरतलब है कि यह इस साल अमेरिका में इस तरह का पांचवां और यूनिवर्सिटी में दूसरा मामला था। छात्र की पहचान समीर कामथ के रूप में हुई। मैकेनिकल इंजीनियरिंग के प्रमुख एकहार्ड ग्रोल के अनुसार, कामथ मैसाचुसेट्स से थे और उन्होंने मैसाचुसेट्स एमहर्स्ट विश्वविद्यालय से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री प्राप्त की और 2021 की गर्मियों में पर्ड्यू आए। उन्होंने अगस्त में मैकेनिकल इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री के साथ विभाग से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। उनके लिंक्डइन प्रोफाइल के अनुसार 23 वर्षीय भारतीय छात्र को 2025 में डॉक्टरेट कार्यक्रम से स्नातक होना था। पिछले महीने भी इसी विवि में मृत पाया गया था भारतीय छात्र इससे पहले भी इसी यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाला एक छात्र भी पिछले महीने मृत पाया गया था। संयुक्त राज्य अमेरिका में इंडियाना के पर्ड्यू विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले भारतीय छात्र नील आचार्य को लापता होने की सूचना के बाद मृत पाया गया था।

## चिली के पूर्व राष्ट्रपति सेबेस्टियन पिनेरा की हवाई दुर्घटना में मौत

नई दिल्ली। चिली के पूर्व राष्ट्रपति सेबेस्टिन पिनेरा की विमान दुर्घटना में मौत हो गई है। मंगलवार को एक हैलिकॉप्टर दुर्घटना में उनका निधन हो गया। यह जानकारी पूर्व राष्ट्रपति और अरबपति कारोबारी सेबेस्टियन के कार्यालय की ओर से सामने आई है। कार्यालय की ओर से कहा गया अफसोस के साथ यह जानकारी दी जा रही है कि चिली गणराज्य के पूर्व राष्ट्रपति अब दुनिया में नहीं रहे। कार्यालय की ओर से कहा गया कि 74 वर्षीय पिनेरा की मृत्यु लागो रैंको में हुई। चिली के पूर्व राष्ट्रपति सेबेस्टियन पिनेरा, एक अरबपति टाइकून थे, जो दो बार दक्षिण अमेरिकी देश के शीर्ष पद पर रहे। 74 वर्षीय पिनेरा अक्सर अपने हेलीकॉप्टर से खुद ही उड़ान भरते थे और वह देश की राष्ट्रीय एयरलाइन में पूर्व शेयरधारक थे, टेलीविजन और फुटबॉल सहित अन्य व्यवसायों में उनकी हिस्सेदारी थी। छुट्टियां बिताने लागो रैंको गए थे, हो गई दुर्घटना दुर्घटना सैंटियागो से लगभग 920 किलोमीटर (570 मील) दक्षिण में एक झील जिले लागो रैंको में हुई, जहां पिनेरा ने अपने बच्चों और पोते-पोतियों के साथ छुट्टियां बिताई थीं।

## ऑस्ट्रेलियाई सीनेटर ने भगवद् गीता पर हाथ रखकर ली शपथ

कैनबरा। ऑस्ट्रेलिया की संसद में भारतीय मूल के बैरिस्टर वरुण घोष नए सीनेटर बने हैं। उन्होंने भगवद् गीता पर हाथ रखकर शपथ ली है। उनके इस कदम की पूरी दुनिया में चर्चा हो रही है। वरुण का जन्म भारत में हुआ था, इसलिए वह ऑस्ट्रेलियाई संसद के पहले ऐसे सदस्य हैं, जिसने भारत में जन्म लिया हो। वरुण पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के रहने वाले हैं और नए सीनेटर चुने गए हैं। उन्हें संघीय संसद की सीनेट के लिए चुना गया है। ऑस्ट्रेलिया के पीएम ने दी वरुण को बधाई ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बानीज ने वरुण को बधाई दी है और कहा है कि नए सीनेटर वरुण घोष का स्वागत है। आपका टीम में होना शानदार है। वरुण ने साझा की खुशी सीनेटर वरुण घोष ने अपनी खुशी को साझा करते हुए कहा कि मुझे सौभाग्य मिला कि मेरी अच्छी शिक्षा हुई। मेरा विश्वास है कि हर किसी के लिए उच्च शिक्षा उपलब्ध होनी चाहिए। वरुण घोष के बारे में जानें वरुण जब 17 साल के थे, तभी माता-पिता के साथ ऑस्ट्रेलिया आ गए थे। उन्होंने क्राइस्ट चर्च ग्रामर स्कूल में पढ़ाई की है। वरुण घोष पर्थ में वकील हैं और उन्होंने पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया विश्वविद्यालय से कला और कानून में डिग्री हासिल की है। उन्होंने न्यूयॉर्क में एक वित्त वकील के रूप में भी काम किया है। वह वाशिंगटन, डीसी में विश्व बैंक के लिए एक सलाहकार के रूप में भी काम कर चुके हैं। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत पर्थ में ऑस्ट्रेलिया की लेबर पार्टी में शामिल होकर की थी।

## इमरान खान को हो सकती है सजा-ए-मौत!

नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं। चुनाव से पहले उन्हें दो अलग अलग मामलों में 10 साल और 14 साल की सजा सुनाई गई है। अब तो उन पर मौत की सजा की तलवार लटक रही है। जानकारी के अनुसार पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान को फांसी की सजा भी हो सकती है। दरअसल, पिछले साल 9 मई को सैन्य ठिकानों पर इमरान के समर्थकों द्वारा किए गए हमलों में प्रत्यक्षदर्शियों ने इमरान खान को इस घटना का मास्टरमाइंड करार दिया है। इससे 71 साल के इमरान खान की फजीहत और बढ़ गई है। पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान के करीबी सूत्रों हवाले से मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि इनमें से किसी भी चश्मदीद को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से किसी रियायत की पेशकश का दावा नहीं किया गया है।

# जसप्रीत बुमराह दुनिया के नंबर एक टेस्ट गेंदबाज बने, अश्विन को पीछे छोड़ा

दुबई। इंग्लैंड के खिलाफ बुमराह का शानदार प्रदर्शन बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के शुरुआती दो टेस्ट में शानदार प्रदर्शन किया है। दूसरे टेस्ट में तो वह टीम इंडिया की जीत के सूत्रधार रहे थे। विशाखापत्तनम में खेले गए इस मुकाबले में उन्होंने पहली पारी में छह विकेट और दूसरी पारी में तीन विकेट लिए थे।




### विराट की रैंकिंग गिरी

इसी का फल उन्हें मिला है। वह फिलहाल इस सीरीज में दो मैचों में 15 विकेट लेकर शीर्ष पर हैं। 45 रन देकर छह विकेट उनका इस सीरीज में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन रहा है। बुमराह ने रचा इतिहास बुमराह टेस्ट से पहले वनडे और टी20 में भी नंबर एक गेंदबाज रह चुके हैं। ऐसे में टेस्ट में नंबर वन होते ही उन्होंने इतिहास भी रच दिया। बुमराह तीनों प्रारूप में नंबर एक पर पहुंचने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बन गए हैं। इससे पहले कोई भी गेंदबाज ऐसा नहीं कर सका था। इतना ही नहीं बुमराह विराट कोहली के खास क्लब में भी शामिल हो गए हैं। वह विराट के अलावा एशिया के पहले ऐसे खिलाड़ी हैं जिसने तीनों प्रारूप में नंबर एक पायदान हासिल किया हो। बुमराह टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक बनने वाले भारत के पहले तेज गेंदबाज हैं।

बल्लेबाजों में विलियम्सन शीर्ष पर टेस्ट बल्लेबाजों में न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियम्सन शीर्ष पर बने हुए हैं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया है और पहले टेस्ट की दो पारियों में दो शतक जड़े हैं। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ एक स्थान की छलांग के साथ दूसरे पायदान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के जो रूट को भारत के खिलाफ दोनों टेस्ट में खराब प्रदर्शन का नुकसान हुआ और वह तीसरे स्थान पर लुढ़क गए हैं। कीवी बल्लेबाज डेरिल मिचेल चौथे और पाकिस्तान के बाबर आजम पांचवें स्थान पर बने हुए हैं। भारत के विराट कोहली को दूसरा टेस्ट नहीं खेलने का नुकसान हुआ और वह एक स्थान के नुकसान के साथ सातवें पायदान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के बेन स्टोक्स ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में एक पायदान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं।

# आरबीआई ने पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन पर जुर्माना लगाया

मुंबई । भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों और कोर निवेश कंपनियों के लिए तरलता जोखिम प्रबंधन ढांचे से संबंधित मानदंडों के उल्लंघन के लिए पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड पर 8.80 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।




आरबीआई द्वारा किए गए कंपनी के वैधानिक निरीक्षण से अन्य बातों के अलावा, पता चला कि कंपनी ने अपात्र संपत्तियों को उच्च गुणवत्ता के रूप में शामिल करने के परिणामस्वरूप 31 मार्च, 2022 तक 60 प्रतिशत की निर्धारित तरलता कवरेज अनुपात (एलसीआर) को बनाए नहीं रखा था।नतीजतन, कंपनी को एक नोटिस जारी किया गया, जिसमें उसे कारण बताने की सलाह दी गई कि आरबीआई के निर्देशों का पालन करने में विफलता के लिए उस पर जुर्माना क्यों नहीं लगाया जाना चाहिए। नोटिस पर कंपनी के जवाब, उसके द्वारा की गई अतिरिक्त प्रस्तुतियों की जांच और व्यक्तिगत सुनवाई के दौरान की गई मौखिक प्रस्तुतियों पर विचार करने के बाद आरबीआई इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि आरबीआई के निर्देशों का अनुपालन न करने का आरोप प्रमाणित हुआ और मौद्रिक जुर्माना लगाना जरूरी हो गया। हालांकि, आरबीआई ने कहा कि यह कार्रवाई नियामक अनुपालन में कमियों पर आधारित है और इसका उद्देश्य कंपनी द्वारा अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी भी लेनदेन या समझौते की वैधता पर निर्णय लेना नहीं है।

# चुनाव से एक दिन पहले पाकिस्तान में भीषण बम ब्लास्ट, 8 लोगों की मौत

नई दिल्ली। पाकिस्तान में 8 फरवरी को होने वाले आम चुनाव से पहले एक बार फिर बड़ा बम धमाका हुआ है। चुनाव से ठीक एक दिन पहले बलूचिस्तान में ब्लास्ट हुआ है। समाचार एजेंसी रायटर के अनुसार बलूचिस्तान में एक राजनीतिक दल के कार्यालय को निशाना बनाया है।



इसमें 26 लोगों के मरने की खबर है। पाकिस्तान में 8 फरवरी को होने वाले आम चुनाव से पहले एक बार फिर बड़ा बम धमाका हुआ है। चुनाव से ठीक एक दिन पहले बलूचिस्तान में ब्लास्ट हुआ है। समाचार एजेंसी रायटर के अनुसार बलूचिस्तान में एक राजनीतिक दल के कार्यालय को निशाना बनाया है। इसमें 8 लोगों के मरने की खबर है। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान के बलूचिस्तान में बुधवार को एक राजनीतिक दल के कार्यालय के बाहर ये विस्फोट हुआ है। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे। बलूचिस्तान के पिशिन जिले में हुआ बम धमाका उपायुक्त जुम्मा दाद खान ने बताया कि ये विस्फोट बलूचिस्तान के पिशिन जिले के नोकांडी इलाके के स्थित उम्मीदवार के कार्यालय में हुआ, जिसमें आठ लोगों की जान चली गई है। इससे पहले ब्लास्ट में 10 लोगों की हुई थी मौत इससे पहले पाकिस्तान के डेरा इस्माइल खान में भी एक हमला हुआ था। यहां एक पुलिस थाने पर हुए आतंकवादी हमले में 10 पुलिसकर्मी मारे गए थे। हमला आधी रात के बाद किया गया, जब अधिकतकर पुलिसकर्मी सो रहे थे। सोते हुए पुलिसकर्मियों पर हमला करने के दौरान जवाबी कार्रवाई का उचित मौका ही नहीं मिल पाया। पाकिस्तान में हाल के समय में लगातार आतंकी हमले हो रहे हैं। अस्थिर पाकिस्तान की अंतरिम सरकार इन्हें रोकने में नाकाम है। आम चुनाव से पहले आतंकी हमले में 10 पुलिसकर्मियों की मौत हो गई है। वहीं 6 अन्य लोग घायल हो गए हैं।

# डच महिलाओं ने चीन पर जीत हासिल की, ऑस्ट्रेलिया ने अमेरिका को हराया

भुवनेश्वर,07 फरवरी। यहां के कलिंगा स्टेडियम में मंगलवार को मौजूदा चैंपियन नीदरलैंड ने महिला एफआईएच हॉकी प्रो लीग मुकाबले में अपनी जीत में एक और जीत दर्ज की, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने संयुक्त राज्य अमेरिका पर दबदबा बनाया।

हालांकि, लगातार सुधार कर रही चीनी टीम ने डच महिलाओं को 3-1 से जीत हासिल करने के लिए हर संभव प्रयास किया। दिन के दूसरे मैच में ऑस्ट्रेलिया ने अमेरिका पर दबदबा बनाते हुए अमेरिकियों को 3-0 से हराकर जीत की राह पर वापसी की। नीदरलैंड्स को पहले हाफ में संघर्ष करना पड़ा, लेकिन उसने अपनी लय हासिल करते हुए बेहतरीन चीनी टीम को हरा दिया। दोनों टीमों के पास पूरे समय गोल करने के मौके थे, लेकिन पहले हाफ में डच सेंटर चैनल में बार-बार घुसने की अपनी योजनाओं को शानदार ढंग से क्रियान्वित करने के बाद चीन को मौके गंवाने का अफसोस था, लेकिन फिनिशिंग ने उसे निराश कर दिया। झोंग जियाकी ने दूसरे क्वार्टर में चीन को आगे करने में कामयाबी हासिल की, हालांकि, उन्होंने गोलकीपर के सामने अपनी रिवर्स स्टिक से गेंद को कुशलता से उछाल दिया। लेकिन फ़्रीके मोज़ ने अपनी रिवर्स स्टिक का उपयोग करके और एक सटीक स्ट्राइक करके डचों से बराबरी कर ली। इसके बाद 25 मिनट के बाद मारिजेन वीन ने नीदरलैंड्स को आगे कर दिया, जब एक गोलमाउथ संघर्ष में गेंद आसान टैप-इन के लिए उनकी ओर बढ़ी। हालांकि चीन ने सकारात्मक हॉकी खेलना जारी रखा, लेकिन हाफ टाइम तक वे 2-1 से पीछे थे।



नीदरलैंड ने दूसरे हाफ में सेंटर चैनल को कड़ा कर दिया और अधिक नियंत्रण ले लिया, मोएस ने उन्हें अपने शॉट को धमाकेदार बनाने से पहले सर्कल के शीर्ष पर अनियंत्रित रूप से दौड़ने की अनुमति देने के बाद दो गोल का स्वागत किया। चीन ने इनकार करने के लिए बचाव में अच्छा प्रदर्शन किया डचों को पेनल्टी कॉर्नर के सभी मौके मिले, लेकिन वे अपने तीन में से गोल करने में असफल रहे।

# डब्ल्यूटीसी रैंकिंग में नंबर 1 पर न्यूजीलैंड

माउंट माउंगानुई (न्यूजीलैंड)। न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को पहले टेस्ट में 281 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में न्यूजीलैंड ने शीर्ष पर अपना कब्जा जमा लिया। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, डब्ल्यूटीसी के पहले सीजन के चैंपियन ने बे ओवल में अपना दबदबा बनाते हुए चौथे दिन जीत हासिल की। इस जीत के साथ ही कीवी टीम ने ऑस्ट्रेलिया और भारत को पीछे छोड़ते हुए मौजूदा स्टैंडिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया।

इस मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र के दौरान, न्यूजीलैंड ने केवल तीन टेस्ट खेले हैं। बांग्लादेश में उनकी श्रृंखला पिछले साल के अंत में 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुई। उन्होंने घरेलू मैदान पर पहले टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका पर जीत हासिल की, जिसने 2021 के चैंपियन को स्टैंडिंग के शीर्ष पर पहुंचा दिया।

बे ओवल में परिणाम के बाद पिछले साल का चैंपियन ऑस्ट्रेलिया दूसरे स्थान पर खिसक गया। भारत तीसरे स्थान और दक्षिण अफ्रीका सातवें स्थान पर है। जबकि बांग्लादेश चौथे, पाकिस्तान पांचवें और वेस्टइंडीज छठे स्थान पर है। रचिन रवींद्र के दोहरे शतक और केन विलियमसन के दो शतकों की बदौलत न्यूजीलैंड ने मैच में बल्ले से दबदबा बनाया, जबकि तेज गेंदबाज काइल जैमीसन और स्पिनर मिचेल सेंटनर ने अफ्रीकी बल्लेबाजों को खूब परेशान किया। दोनों टीमों के बीच 13 फरवरी से हैमिल्टन में दूसरा टेस्ट मैच खेला जाएगा।

# दूसरे हाफ के ब्लिट्ज में भारत की महिला टीम फाइनल में पहुंची

ढाका। यहां मंगलवार को बीएसएसएसएम के स्टेडियम में अपने अंतिम राउंड-रॉबिन मैच में भारत ने नेपाल को 4-0 से हराकर दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (एसएएफएफ) अंडर-19 महिला चैंपियनशिप के फाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया।

भारत अब गुरुवार को खेले जाने वाले फाइनल में मेजबान और गत चैंपियन बांग्लादेश से भिड़ेगा। यंग टाइग्रेसेस ने इससे पहले अपना पहला मैच भूटान के खिलाफ 10-0 से जीता था, इसके बाद बांग्लादेश के खिलाफ 0-1 से हार मिली थी।

पहला हाफ गोलरहित रहने के बाद भारतीय लड़कियों ने दूसरे सत्र में शानदार प्रदर्शन करते हुए चार गोल दागे। नेहा, सिबानी देवी और सुलंजना राउल की भारतीय फॉरवर्ड पंक्ति ने बार-बार अंतराल पर प्रतिद्वंद्वी रक्षा को तोड़ दिया, नेपाल को दूसरी फिउड खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा।



### एसएएफएफ अंडर 19

विंगर नेहा ने अच्छा प्रदर्शन किया, जिसमें दूसरे हाफ में दो गोल भी शामिल थे, जबकि सुलंजना राउल और स्थानापन्न खिलाड़ी सिंडी टेमरुतपुई कोलनी ने देर से दो गोल करके भारत की आसान जीत सुनिश्चित कर दी।

युवा बाघिनों ने फ्रंटफुट पर शुरुआत की, उनके अधिकांश हमले बाईं ओर से आए, जहां नेहा ने बढ़त बनाने के लिए अपनी गति का इस्तेमाल किया। उनके क्रॉस नेपाल की रक्षा के लिए लगातार खतरा बने हुए थे, जिनसे निपटने के लिए उन्हें काफी पसीना बहाना पड़ा।नेपाल की गोलकीपर लीला जोशी की भारत के केंद्रों से निपटने में असमर्थता ने भी बॉक्स में सामान्य ओवरलोड में योगदान दिया, क्योंकि उन्होंने शुरुआती आदान-प्रदान में गेंद को तीन बार गिराया। सुलंजना राउल, सिबानी देवी और पूजा, जो तीन मौकों पर करीब थीं, मौकों का फायदा उठाने में नाकाम रहीं।

नेपाल की दक्षिणपंथी सेनू परियार के पास दोपहर का एकमात्र मौका था, जब उन्हें भारतीय रक्षापंक्ति के पीछे लगाया गया था, लेकिन उनके पास गोली चलाने के इरादे से आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त कोण नहीं था; अंततः उसे बेदखल कर दिया गया।

भारत 54वें मिनट में फिर से शुरू होने के बाद सफलता पाने में सफल रहा, जब सिबानी के बाएं पैर के क्रॉस ने नेहा को सुदूर पोस्ट पर पाया, क्योंकि उसने बेहद संकीर्ण कोण से स्कोर करने के लिए इसे कीपर के पीछे धकेल दिया।

उस लक्ष्य ने भारत को बहुत आत्मविश्वास दिया, क्योंकि नेपाल के लक्ष्य पर अधिक हमले हुए। पूजा ने दाहिनी ओर से बॉक्स में प्रवेश करते हुए नेपाल के गोलकीपर जोशी को पीछे छोड़ा और नेहा को पास दिया, जो लक्ष्य से चूक गई। घंटे के निशान पर राउल के एक शॉट को दिव्या यास्माली मागर ने लाइन से बाहर कर दिया।

*0 उत्तराखंड ने रचा इतिहास, विधानसभा में ध्वनिमत....*

आज करीब दो साल बाद सात फरवरी को यह संकल्प सिद्ध हो गया है। जनता ने जिस मकसद से उन्हें चुना, वह समानता का अधिकार सबको मिलने जा रहा है। कहा, इसे वोट बैंक की राजनीति से जोड़कर न देखें।

**यूसीसी रामयुग की बड़ी पहल**

मुख्यमंत्री ने सदन में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जिस रामयुग की शुरुआत हुई है, यूसीसी उसमें एक बड़ी पहल साबित होगा। यह देश के लिए मील का पत्थर बनेगा। कहा, प्रधानमंत्री राष्ट्रऋषि नरेंद्र मोदी विकसित भारत का सपना देख रहे हैं। भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रही है। उनके नेतृत्व में यह देश तीन तलाक और अनुच्छेद-370 जैसी ऐतिहासिक गलतियों को सुधारने के पथ पर है। समान नागरिक संहिता का विधेयक प्रधानमंत्री के देश को विकसित, संगठित, समरस और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के लिए किए जा रहे यज्ञ में उत्तराखंड की ओर से अर्पित की गई एक आहुति मात्र है। इस विधेयक में जाति, धर्म, क्षेत्र व लिंग के आधार पर भेद करने वाले व्यक्तिगत नागरिक मामलों से संबंधित सभी कानूनों में एकरूपता लाने का प्रयास किया गया है।

सदन में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के नेतृत्व में विपक्ष ने इस बिल को जल्दबाजी में उठाया गया कदम करार दिया था। विपक्ष में इसमें कई खामियां गिनाते हुए सदन में इसे प्रवर समिति को भेजने की मांग की थी। हालांकि, विपक्ष की ये मांग खारिज हो गई। विधानसभा से यूसीसी बिल पास होने के बाद अब यह राजभवन को भेजा जाएगा। चूंकि यह

## शेष प्रथम पृष्ठ का

संविधान की समवर्ती सूची का विषय है, इसलिए बिल अनुमोदन के लिए राज्यपाल से राष्टपति को भेज दिया जाएगा। इस पर राष्टपति भवन को फैसला लेना है। वहां से मुहर लगने के बाद राज्य में कानून लागू हो जाएगा।

*0 'अब इधर उधर नहीं होंगे', पीएम मोदी से मुलाकात ...*

पटना के राजभवन में नौवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी। यह दो साल में दूसरी बार था जब नीतीश कुमार ने इतना बड़ा सियासी उलटफेर किया। नीतीश कुमार की नई सरकार में बीजेपी के दो नेताओं को उप मुख्यमंत्री भी बनाया गया।

*0 क्षेत्रवाद पर प्रहार, राजनीतिक स्वार्थ ....*

उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड का कोई युवा देश के लिये विदेश से खेल कर मेडल लाता है तो वह केवल झारखंड की सफलता नहीं होती है। हम झारखंड को किसी बच्चे को खेल के प्रशिक्षण के लिये विदेश भेजते हैं तो वह भारत का बच्चा होता है।

प्रधानमंत्री ने विपक्ष की तीखी आलोचना करते हुये कहा कि इसके बावजूद देश में कुछ लोग तोड़ने का भाव पैदा करने के प्रयास में लगे रहते हैं। उन्होंने कहा, देश को तोड़ने के लिये नये-नये नैरेटिव खोजना बंद कर दीजिए। प्रधानमंत्री ने कहा, राष्टपति जी ने अपने अभिभाषण में भारत के कोटि-कोटि जनों के सामर्थ्य को बहुत ही शानदार तरीके से प्रस्तुत किया है। श्री मोदी ने इसके लिये राष्टपति का अभिनंदन किया और उनके प्रति आभार व्यक्त किया। चर्चा पर प्रधानमंत्री के जबाव के बाद सदन ने सरकार द्वारा अभिभाषण पर धन्यवाद के लिये रखे गये प्रस्ताव को ध्वनिमति से पारित कर दिया।

*0 भारत जोड़ो न्याय यात्राः आज ओडिशा से छत्तीसगढ़ ...*

यहां के युवा, माता, बहनें देश के हर वर्ग के लोग मोदी सरकार से त्रस्त हैं। इन मुद्दों को लेकर हम जनता के बीच जा रहे हैं और लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। इस न्याय यात्रा से सिर्फ रायगढ़, सरगुजा, जांजगीर चांपा नही बल्कि प्रदेश के 11 लोकसभा सीटों में इसका फायदा मिलेगा।

*0 वित्तीय हिस्सेदारी का आरोप लगा केंद्र के...*

विरोध-प्रदर्शन से पूर्व मुख्यमंत्री विजयन ने भी आरोप लगाया कि हमारे संविधान में निहित संघीय सिद्धांतों को कमजोर करने के प्रयास हो रहे हैं, जिसके खिलाफ खड़ा होकर विरोध-प्रदर्शन करने का समय आ गया है।

**उत्तर-दक्षिण विवाद को हवा देने की कोशिश**

विजयन ने उत्तर-दक्षिण विवाद को भी हवा देने की कोशिश की और कहा कि केंद्र सरकार दक्षिणी राज्य केरल को उसके इतिहास के सबसे खराब वित्तीय संकट की ओर धकेल रही है। द्रमुक शासित तमिलनाडु भी केंद्र पर वित्तीय अनदेखी को लेकर सवाल दागता रहा है। सूबे में हाल में आयी प्राकृतिक आपदा से निपटने में केंद्र से पर्याप्त मदद नहीं मिलने को लेकर भी स्टालिन सरकार ने अपनी नाखुशी जाहिर करने से परहेज नहीं किया। स्टालिन ने केंद्र पर संविधान के अनुच्छेद 293 के तहत अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करके राज्यों के उधार लेने के विकल्पों में भी रोड़ा अटकाने का आरोप लगाया।

# भारतीय टीम को लगा बड़ा झटका, विराट कोहली सीरीज के दो और टेस्ट मैच से बाहर- रिपोर्ट

दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के शुरुआती दो टेस्ट मैचों से अपना नाम वापस ले लिया था. विराट कोहली ने निजी कारणों के चलते अपना नाम वापस लिया था. विराट कोहली इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के बाकी के तीन मैचों में खेलेंगे या नहीं, इसको लेकर कोई स्पष्टता नहीं थी. वहीं अब एक नई रिपोर्ट में सामने आया है कि विराट कोहली इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के बाकी दो और मैचों से बाहर हो गए हैं और टीम इंडिया में उनकी वापसी में अभी समय लगेगा.

ईएसपीएनक्रिकइन्फो की रिपोर्ट के अनुसार, भारत के सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के तीसरे और चौथे टेस्ट में नहीं खेलेंगे. भारत और इंग्लैंड के बीच सीरीज का तीसरा मुकाबला राजकोट में खेला जाएगा जबकि रांची में सीरीज का चौथा मुकाबला होगा. इसके अलावा धर्मशाला में 6 मार्च से शुरू होने वाले पांचवें टेस्ट के लिए कोहली की उपलब्धता पर भी संदेह बना हुआ है. इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज की शुरुआत से तीन दिन पहले यानि 22 जनवरी को बीसीसीआई ने घोषणा की कि कोहली ÷व्यक्तिगत कारणों÷ से पहले दो टेस्ट से बाहर हो गए हैं. कोहली भारतीय टीम में शामिल होने के लिए उसी सुबह हैदराबाद पहुंचे थे, लेकिन शाम को उसी दिन वहां से चले गए. बीसीसीआई ने कोहली के नाम वापस लेने पर कोई टिप्पणी नहीं की है. हालांकि, बोर्ड ने जो प्रेस रिलीज जारी की थी, उसमें कहा था, विराट ने कप्तान रोहित शर्मा, टीम प्रबंधन और चयनकर्ताओं से बात की है और इस बात पर जोर दिया है कि देश का प्रतिनिधित्व करना हमेशा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता र ही है, कुछ व्यक्तिगत परिस्थितियां उसकी उपस्थिति और संपूर्ण ध्यान की माँग करती हैं. हालांकि, कुछ दिन पहले विराट कोहली के दोस्त और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के उनके पूर्व साथी एबी डिविलियर्स ने भारत के स्टार की क्रिकेट मैदान से अनुपस्थिति के कारण का खुलासा किया था. एबी डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब लाइव में कहा था कि विराट कोहली ठीक है और वो जल्द ही दूसरे बच्चे के पैरेंट्स बनने वाले हैं इसीलिए टीम से बाहर हैं. बता दें, भारत को सीरीज के पहले मैच में 28 रनों से हार का सामना करना पड़ा था, वहीं सीरीज के दूसरे मुकाबले में टीम इंडिया ने इंग्लैंड को हराकर सीरीज में 1-1 की वापसी की थी. ऐसे में सीरीज का तीसरा मुकाबला काफी अहम होने वाला है. सीरीज का तीसरा मुकाबला 15 फरवरी से राजकोट के सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जाना है जबकि चौथा मैच रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में 23 फरवरी से खेला जाएगा.

# दिव्यांग बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने लोगों का मनमोहा

## आस का प्रयास दिव्यांगों के जीवन में एक उजाला है- गर्ग

राजनांदगांव (दावा)। सुखी परिवार फाउंडेशन के अध्यक्ष ललित गर्ग ने कहा कि आस का प्रयास आगे आने वाले समय में दिव्यांगों, मूक-बधिरों व बेसहारा लोगों की सेवा करने में मील का पत्थर साबित होगा और यही नया भारत, सशक्त भारत का आधार बनेगा। श्री गर्ग राजधानी दिल्ली के आईटीओ स्थित हिन्दी भवन में एक गैर लाभकारी संस्था 'आस-एन एसोसिएशन फॉर सोशल वैलफेयर' के प्रयास द्वारा दिव्यांग, नेत्रहीन, मूक एवं बधिर बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं जीवन उपयोगी वस्तुओं के वितरण समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए उक्त विचार व्यक्त किए। समारोह के मुख्य अतिथि माता जयकौर पब्लिक स्कूल के चेयरपर्सन सुरजीत सिंह, विशिष्ट अतिथि नीरज गुप्ता, पराग जैन थे। इस अवसर पर मूक-बधिर बच्चों के स्कूलों के सैकड़ों विद्यार्थियों ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया।

श्री गर्ग ने आगे कहा कि दिव्यांग और साधनहीन भी किसी से कम नहीं होते, उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए थोड़े से सहयोग एवं समतामूलक दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। ऐसे बच्चों के साथ सामाजिक, पारिवारिक, आर्थिक और सांस्कृतिक भागीदारी को बढ़ावा देना ही 'आस' का प्रयास है। जुनून, हौसला और अनुभव मिलकर ही निर्बल और दिव्यांग बच्चों के बहुमुखी विकास को आकार दिया जा सकता है। मुरझाये चेहरों पर मुस्कान लाने का आस एक



अनुष्ठान है, उनके अभाव एवं अपंगताओं को अभिशाप न बनने देने का एक महायज्ञ है। मंच का संचालन अरविन्द शर्मा 'विजय' ने कुशलता के साथ किया। आस की अध्यक्षा श्रीमती ललिता गुप्ता ने कहा कि नेत्रहीन, शारीरिक व मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के उपयोग में आने वाली वस्तुएं प्रदान कर सहायता की गई, जिसमें स्वेटर, कंबल, दाल-चावल, मसाले, कॉपियां, नेत्रहीन छात्रों के लिए बैंत, ब्रैल पेपर, व्हीलचेयर, कान के सुनने के मशीन आदि शामिल थे। बच्चों को स्वच्छ जल उपलब्ध हो इसके लिए आरओ, कम्प्यूटर प्रिंटर आदि भी भेंट किये गए। आस के महासचिव विकास जैन ने बताया कि 113 बच्चों को चयनित करके 1500 रुपये प्रति छात्र छात्रवृत्ति प्रदान की गई। संस्था के कोषाध्यक्ष राहुल मित्तल ने बताया कि संस्था का उद्देश्य एक बेहतर और सर्व समावेशी समाज का निर्माण करना है, जिसमें सभी लोगों को समान अवसर हासिल हो सके। सक्षम सहयोग व नेक इरादे से संचालित 'आस' की यह पहल एक उत्कृष्ट उदाहरण है। इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों एवं अतिथि ललित गर्ग, सुरजीत सिंह, नीरज गुप्ता, पराग जैन, रविन्द्र जैन, राकेश गुप्ता, संजय जैन, सुशील गोयल, रमाकांत तिवारी, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य रविन्द्र गडोदिया, दिलिप गर्ग, राजेश मल्होत्रा आदि का शॉल एवं शील्ड प्रदत्त कर सम्मान किया गया। उदारमना एवं दानदाता लोगों को भी सम्मानित किया गया। संस्था की श्रीमती ललिता गुप्ता, विकास जैन, रामकिशन अग्रवाल (राम भाई), पवन दीक्षित, मुकेश जैन, दुर्गेश माथुर, के.के.शाह, राहुल मित्तल आदि समाजसेवियों एवं संस्था से जुड़े पदाधिकारियों ने दिन-रात मेहनत कर ये सामान ना केवल एकत्रित किया, बल्कि आज सद्भाव के साथ उनको सौंप दिया। सेवा, परोपकार एवं संवेदना की दृष्टि से 'आस' का यह प्रयास सर्वत्र सराहा गया।

# महतारी वंदन योजना से कांग्रेस को महिलाओं के वोट बैंक खिसकने का डर - मो. इरफान शेख

**राजनांदगांव (दावा)। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोहम्मद इरफान शेख ने लोकसभा चुनाव में प्रचंड मोदी लहर की भविष्यवाणी करते हुए कहा कि अबकी बार फिर मोदी सरकार निश्चित है।**



*कहा - मोदी लहर नाम की सुनामी में कांग्रेस का हो जाएगा सफाया*

श्री शेख ने कहा कि वैसे तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीत भाजपा सरकार की बड़ी संख्या में योजनाएं हैं। लेकिन अबकी बार सिर्फ एक ही योजना कांग्रेस के सफाये के लिए सुनामी होने जा रही है। जिसका नाम है महतारी वंदन योजना इस योजना से छत्तीसगढ़ की महिलाओं को बड़ा फायदा होने जा रहा है। हर माह 1000 रुपये और सलाना 12000 रुपये उनके खाते में एक मार्च से डालना आरंभ होगा। यह उनके निजी के लिए और पारिवारिक खर्चे के लिए राहत भरा कदम होगा।

श्री शेख ने आगे कहा कि भाजपा डबल इंजन की सरकार द्वारा लाई गई महतारी वंदन योजना से विपक्ष कांग्रेस के हाथ पैर फूलने लगे हैं। उनके पेट में दर्द होने लगा है। उन्हें लोकसभा चुनाव में करारी शिकस्त अभी से सताने लगा है।

वह इस योजना में मीन मेख निकाल कर महिलाओं को और उनके परिजनों को दिगभ्रमित करने का प्रयास कर रही है। जबकि समझदार लोग उनके बहकावे में नहीं आने वाले है। जनता को मोदी जी की गारंटी पर भरोसा है और आगे भी रहेगा। उन्होंने कहा कि कोई भी योजना नियम शर्तों के नहीं बनती और यहां पर कांग्रेस नियम शर्तों को लेकर महिलाओं और उनके परिजनों को मिस गाइड कर रही है। जिसमें वह कभी सफल नहीं होने वाली है।

# रासेयो शिविर में 50 लोगों ने सिकलीन परीक्षण करवाया

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा ग्राम रेंगाकठेरा (बखत) में संस्था के प्राचार्य डॉ.के.एल.टांडेकर सरंक्षण एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षि एवं प्रो. करुणा रावटे के निर्देशन में सात दिवसीय विशेष शिविर नशा मुक्त समाज के लिये युवा विषय पर आयोजित किया गया है।

शिविर के पांचवे दिन में प्रभात फेरी, योग व्यायाम इसके बाद परियोजना कार्य में अलग अलग मोहल्लों की साफ-सफाई नालियों की सफाई कार्य एवं स्वछता जागरुकता अभियान चलाया गया। इसके पश्चात् लगभग 50 लोगों ने स्वयंसेवियों ने सिकलीन परीक्षण करवाएं साथ ही अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ



उठाया गया। उपस्वास्थ्य केंद्र रेंगाकठेरा के साथ-साथ सिकलीन परीक्षण विशेषज्ञ उपस्थित हुए और बच्चों को स्वास्थ्य सम्बंधित जानकारियों से अवगत कराएं। बौद्धिक परिचर्चा सत्र में महाविद्यालय से डॉ. एच. एस.अलरेजा, डॉ. के.के. देवांगन एवं अन्य प्रोफेसर उपस्थित हुए। उक्त शिविर में जागरण प्रभारी अभिषेक भट्टाचार्य, उपशिविर नायक अभिषेक, प्रतिज्ञा के साथ साथ 55 स्वयंसेविका, 50 स्वयंसेवक उपस्थित रहें।

# शिक्षकों एवं अभिभावकों के मध्य सहयोग एवं निरंतर संवाद आवश्यक - डॉ के.एल.टाडेकर

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव के समाज कार्य विभाग में शिक्षक अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के.एल. टांडेकर के निर्देशन तथा समाज कार्य विभाग के विभाग अध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू के मार्गदर्शन में किया गया। प्राचार्य महोदय द्वारा अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक अभिभावक बैठक एक ऐसा मंच है जहां विद्यार्थियों के संबंध में विस्तार से चर्चा की जाती है। विद्यार्थियों के संपूर्ण विकास हेतु शिक्षकों एवं अभिभावकों के मध्य सहयोग एवं निरंतर संवाद आवश्यक है। समाज कार्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू ने अपने



उद्बोधन में कहा कि इस बैठक के द्वारा अभिभावक विद्यार्थियों के बारे में शिक्षकों के माध्यम से जानने का प्रयास करते हैं, साथ ही शिक्षक अभिभावकों के माध्यम से विद्यार्थियों की समस्याओं को जानने का प्रयास करते हैं। बैठक में उपस्थित सभी अभिभावकों ने अपने विचार रखें।महाविद्यालय तथा विभाग में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में प्रसन्नता व्यक्त की तथा कुछ अभिभावकों ने अपने बच्चों की कुछ समस्याओं से अवगत भी कराया। इसके संबंध में विभाग अध्यक्ष द्वारा इसके निराकरण हेतु आश्वस्त किया गया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन समाज कार्य विभाग की अतिथि प्राध्यापक सुश्री तारिणी साहू के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समाज कार्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू, समाजशास्त्र विभाग अध्यक्ष डॉ.ए.के.मंडावी तथा अन्य प्राध्यापक गण डॉ.प्रियंका लोहिया, श्रीमती चित्रांशा राठौर, सुश्री तारिणी साहू एवं श्रीमती शालिनी सोनी उपस्थित रहे।

# खाटू वाले श्याम प्रभु का चार दिवसीय फागुन महोत्सव 18 मार्च से



राजनांदगांव (दावा)। खाटू वाले श्याम प्रभु का भव्य फागुन महोत्सव आगामी 18 मार्च 21 मार्च तक संपन्न होने जा रहा है, इस महोत्सव को भव्यता प्रदान करने के लिए श्याम भक्तों द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही है। महोत्सव में देश के सुप्रसिद्ध भजन गायक अपनी मधुर वाणी से अमृत गंगा प्रवाहित करेंगे।

श्री श्याम परिवार मित्र मंडल के सुशील अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, अशोक लोहिया, अरुण खंडेलवाल, राजेंद्र महोबिया, अशोक अग्रवाल, आकाश शर्मा, राहुल लोहिया एवं प्रतीक अग्रवाल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार खाटू वाले श्याम प्रभु का फागुन महोत्सव फागुन शुक्ल एकादशी को पूरे देश भर में नहीं वरन विश्वभर में बड़ी श्रद्धा एवं भक्ति के साथ धूमधाम से मनाया जाता है। इस वर्ष 28वें श्याम महोत्सव पर चार दिवसीय आयोजन 18 मार्च से उदयाचल प्रांगण में संपन्न होगा।

श्री श्याम परिवार मित्र मंडल के अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल ने जानकारी दी है कि फागुन माह शुरू होते ही देश भर में श्याम महोत्सव की धूम प्रारंभ हो जाती है । फागुन शुक्ल प्रतिपदा

*o 150 भक्त निशान लेकर खाटू धाम जाएंगे*
*o सुप्रसिद्ध भजन गायक देंगे सुमधुर भजनों की प्रस्तुति*
*0 उदयाचल प्रांगण में सजेगा भव्य श्याम दरबार*

से ही देश के कोने कोने से लाखों भक्त निशान (धर्म ध्वजा) लेकर खाटू जाते है, जो खाटू नगरी से 18 किलोमीटर पहले रिंगस से निशान हाथो में लेकर भजन कीर्तन करते हुए पैदल चलकर खाटू पहुंचते है एवं अपने आराध्य को निशान समर्पित करते है। इस वर्ष 21वीं निशान यात्रा में संस्कारधानी नगरी से लगभग 150 श्याम भक्त, माता-बहने 11 मार्च को निशान लेकर खाटूधाम की यात्रा के लिए रवाना होंगे। जो अग्रोहा धाम, चुकलाना, झुंझुनूं , सालासर के दर्शन करते हुए खाटूधाम जायेंगे ।

श्री अग्रवाल ने बताया कि फागुन महोत्सव का शुभारंभ फागुन शुक्ल नवमी 18 मार्च को सुबह 10 बजे श्याम नाम की मेंहदी से होगा, इसी दिन दोपहर 04 बजे नगर में भव्य निशान यात्रा उदयाचल प्रांगण से निकाली जाएगी , जिसमे दिल्ली की श्याम दीवानी रितु पांचाल के सुमधुर भजनों की अमृत गंगा प्रवाहित होगी। फागुन शुक्ल दशमी 19 मार्च को कोलकाता के श्याम सेवक जय शंकर चौधरी अपनी ओजस्वी वाणी से भजनों की बौछार कर भक्तो को रिझायेंगे। फागुन शुक्ल एकादशी 20 मार्च को महोत्सव का मुख्य समारोह होगा, इस दिन दिल्ली की सुप्रसिद्ध भजन गायक भावना पंडित एवं रवीश पंडित की जोड़ी फागुनी रंग से रंगे भजनों की ऐसी प्रस्तुति देंगे, जिसमें स्नान करते हुए भक्त नृत्य करने लालाइत हो जायेंगे। फागुन शुक्ल द्वादशी 21 मार्च को दोपहर 02 बजे से सुप्रसिद्ध श्याम दीवानी निशा सोनी अपनी मधुर वाणी से श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का वाचन करेगी । रात्रि महाप्रसादी होगी ।

श्री अग्रवाल ने जानकारी दी कि इस दौरान चारों दिवस श्याम प्रभु का अलग-अलग विशेष अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा, अखंड ज्योति प्रज्वलित की जाएगी, इत्र, केशर, गुलाब जल एवं फूलों की होली खेली जाएगी। आयोजन समिति ने श्रद्धालु भक्त माता बहनों एवं बंधुओं से आग्रह किया है कि इस धार्मिक महोत्सव में सपरिवार शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

# महतारी वंदन योजना के लिए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी

राजनांदगांव (दावा)। राज्य शासन द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में आर्थिक स्वावलंबन, उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार, परिवार के निर्णयों में उनकी भूमिका सुदृढ़ करने के उद्देश्य से महतारी वंदन योजना के तहत जिले में पात्र महिला हितग्राहियों से फार्म जमा करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। महतारी वंदन योजना के लिए आवेदन पत्र भरने की संपूर्ण प्रक्रिया निःशुल्क है। आंगनबाड़ी केन्द्र, ग्राम पंचायत सचिव, बाल विकास परियोजना कार्यालय, नगरीय क्षेत्रों में वार्ड कार्यालय में फार्म भरे जा रहे हैं। पात्र आवेदक स्वयं पोर्टल के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

योजनांतर्गत आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी हैं। अन्तिम सूची 21 फरवरी को जारी की जाएगी। अन्तिम सूची पर आपत्ति 21 से 25 फरवरी तक की जा सकती है। आपत्ति का निराकरण 26 से 29 फरवरी तक किया जाएगा। अंतिम सूची का प्रकाशन 1 मार्च को होगा एवं स्वीकृति पत्र 5 मार्च को जारी होगा तथा पात्र महिला हितग्राही को राशि का अंतरण 8 मार्च को किया जाएगा। महतारी वंदन योजनांतर्गत छत्तीसगढ़ की स्थानीय निवासी महिला पात्र है। आवेदक के कैलेण्डर वर्ष अर्थात जिस वर्ष आवेदन किया जा रहा है, उस वर्ष की 1 जनवरी को विवाहित महिला की आयु 21 वर्ष से कम नहीं होना चाहिए। विधवा, तकालशुदा, परित्यक्ता महिला भी योजना के पात्र होंगी। हितग्राही पात्र महिला को प्रतिमाह 1000 रूपए का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा।



**0 विवाहित होने की पुष्टि के संबंध में कोई भी दस्तावेज उपलब्ध न हो तो विवाहित महिला द्वारा स्वघोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा अनिवार्य**
**0 महिला हितग्राही के पास मोबाईल नंबर नहीं होने पर राशन कार्ड की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य**

सामाजिक सहायता कार्यक्रम, विभिन्न पेंशन योजनाओं से पेंशन प्राप्त करने वाली महिलाओं को 1000 रूपए से कम पेंशन राशि प्राप्त होने से शेष अंतर राशि का भुगतान किया जाएगा। योजना का लाभ लेने के लिए पात्र महिला आवेदक को स्वसत्यापित स्वयं की पासपोर्ट साईज फोटो, स्थानीय निवासी के संबंध में निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड या मतदाता पहचान पत्र दस्तावेज, स्वयं का एवं पति का आधार कार्ड, यदि हो तो स्वयं का एवं पति का पैन कार्ड, विवाह का प्रमाण पत्र या ग्राम पंचायत व स्थानीय निकायों द्वारा जारी किया गया प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। यदि विवाहित होने की पुष्टि के संबंध में कोई भी दस्तावेज उपलब्ध न हो तो विवाहित महिला द्वारा स्वघोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत किया जा सकता है। विधवा होने की स्थिति में पति की मृत्यु का प्रमाण पत्र, परित्यक्ता होने की स्थिति में समाज द्वारा जारी, वार्ड या ग्राम पंचायत द्वारा जारी प्रमाण पत्र एवं जन्म प्रमाण पत्र कक्षा 10वीं या 12वीं की अंकसूची या स्थानांतरण प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस, पात्र हितग्राही का बैंक खाते का विवरण एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति, स्वघोषणा पत्र या शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।

यदि महिला हितग्राही के पास मोबाईल नंबर नहीं है, तो इसके स्थान पर हितग्राही द्वारा राशन कार्ड की छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ अनिवार्यतः प्रस्तुत किया जाना होगा। महतारी वंदन योजनांतर्गत जिनके परिवार का कोई भी सदस्य आयकरदाता हो, जिनके परिवार का कोई भी सदस्य भारत सरकार अथवा राज्य सरकार के शासकीय विभाग, उपक्रम, मण्डल, स्थानीय निकास में स्थायी, अस्थायी या संविदा पदों पर कार्यरत प्रथम वर्ग, द्वितीय वर्ग एवं तृतीय वर्ग के अधिकारी या कर्मचारी हो, जिनके परिवार का कोई भी सदस्य वर्तमान या भूतपूर्व सांसद या विधायक हो, जिनके परिवार का कोई सदस्य भारत सरकार अथवा राज्य सरकार के बोर्ड, निगम या मण्डल में वर्तमान एवं पूर्व अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष हो। महतारी वंदन योजना के संबंध में अन्य जानकारी हेल्प लाईन नंबर 07744-220405 से प्राप्त की जा सकती है।

# बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने तीसरी तिमाही में पीएसयू बैंकों के बीच जमा संग्रहण में सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की

**राजनांदगांव (दावा)। बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाताओं के बीच जमा संग्रहण के मामले में सबसे अधिक वृद्धि दर दर्ज की है, जबकि अधिकांश ऋणदाताओं को डबल डिजिट वृद्धि प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। सार्वजनिक क्षेत्र के 12 बैंकों में से, केवल बैंक ऑफ महाराष्ट्र और भारतीय स्टेट बैंक ही दिसंबर 2023 को समाप्त तीसरी तिमाही में जमाराशियों में डबल डिजिट वृद्धि दर्ज कर सके।**

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रकाशित तिमाही आंकड़ों के अनुसार, तिमाही के दौरान बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने जमाराशियों में 17.89% की वृद्धि दर्ज की है, इसके पश्चात एसबीआई ने 12.84% की वृद्धि दर्ज की है। तथापि, बीओएम की रु.2,45,734 करोड़ की तुलना में एसबीआई की कुल जमा राशि लगभग 18.5 गुना अधिक रु.45,67,927 करोड़ रही। जमाराशियों में 9.53% की वृद्धि के साथ सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया तीसरे स्थान पर रहा, जबकि पंजाब नैशनल बैंक ने 9.10% की वृद्धि दर्ज की।

कम लागत वाली कासा जमाराशियों के मामले में, बैंक



**बैंक ऑफ महाराष्ट्र तीसरी तिमाही में 17.89% की जमा वृद्धि के साथ पीएसयू बैंकों में सबसे आगे, इसके पश्चात 12.84% के साथ एसबीआई दूसरे स्थान पर रहा**

ऑफ महाराष्ट्र 50.19% के साथ चार्ट में शीर्ष पर रहा, उसके पश्चात सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया 48.98% के साथ दूसरे स्थान पर रहा। चालू खातों और बचत खातों का उच्च स्तर बैंकों को अपनी निधियों की लागत को कम बनाए रखने में सहायता करता है।

आस्ति गुणवत्ता के मामले में बैंक ऑफ महाराष्ट्र और एसबीआई ने 31 दिसंबर 2023 को क्रमशः 2.04% और 2.42% के साथ न्यूनतम सकल अनर्जक आस्तियां सूचित कीं। निवल एनपीए के संबंध में, बैंक ऑफ महाराष्ट्र और इंडियन बैंक ने सबसे कम निवल एनपीए क्रमशः 0.22% और 0.53% रिपोर्ट किया है। चालू वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही के अंत में बैंक ऑफ महाराष्ट्र का पूंजी पर्याप्तता अनुपात 16.85% के साथ पीएसबी में सबसे अधिक रहा, इसके पश्चात आईओबी 16.80% और पंजाब एंड सिंध बैंक 16.13% पर रहा।

वित्तीय वर्ष 24 की नौ माह की अवधि के दौरान, सभी 12 पीएसबी ने संचयी रूप से रु.98,355 करोड़ का निवल लाभ दर्ज किया, जबकि वित्तीय वर्ष 23 के संपूर्ण वर्ष हेतु कुल लाभ रु.104,649 करोड़ था। पीएनबी का तिमाही निवल लाभ 253% (रु. 2,223 करोड़) की वृद्धि के साथ सबसे अधिक रहा, इसके पश्चात बैंक ऑफ इंडिया की वृद्धि 62% (रु.1,870 करोड़) और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की वृद्धि 60% (रु.3,590 करोड़) रही। हालाँकि तीन ऋणदाताओं एसबीआई, यूको बैंक और पंजाब एंड सिंध बैंक ने निवल लाभ में क्रमशः 35.49%, 22.97% और 69.44% की गिरावट दर्ज की।

## बांधाबाजार में भागवत महापुराण ज्ञान शुरु

बांधाबाजार (दावा)। ग्राम बांधाबाजार में दिनांक 6 फरवरी से 12 फरवरी तक श्रीमद भागवद महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन स्व.श्री खेमचंद जी गुप्ता की पुण्य स्मृति में श्रीमती कमला गुप्ता एवं गुप्ता परिवार बांधा बाजार द्वारा किया जा रहा है। कथा वाचक परम पूज्य श्री विष्णु अरोड़ा जी की मुख वाणी से बहने वाली भागवत महात्म्य की इस ज्ञान गंगा में गोते लगाने लोगों में अत्यधिक उत्साह है। आयोजन के प्रथम दिवस में मंगवलवार को पुराण एवं कलश स्थापना हेतु ग्राम में भव्य कलश एवं शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें क्षेत्र की महिलाओं एवं युवाओं ने बढ़ चढकर हिस्सा लिया। शोभा यात्रा के पश्चात विष्णु अरोड़ा ने गोकर्ण एवं परीक्षित कथा सुनाई तथा इसमें छिपे संदेश को अपने जीवन में आत्मसात करने हेतु लोगों को प्रेरित किया।

# माहेश्वरी संस्कार पाठशाला के बच्चों का आनंद मेला



राजनांदगांव (दावा)। रविवार को स्थानीय माहेश्वरी भवन में आनंद मेला का आयोजन हुआ जिसमें माहेश्वरी संस्कार पाठशाला के बच्चों द्वारा विभिन्न खान-पान एवं गेम्स के स्टाल लगाए गए। माहेश्वरी संस्कार पाठशाला द्वारा आयोजित आनंद मेला का उद्देश्य बच्चों में क्रय विक्रय की एवं मनी एक्सचेंज की जागरूकता लाना था।

प्रदेश कार्यकारिणी से उपस्थित गीता डागा, अमिता मूंदड़ा एवं अलका सुरजन द्वारा संस्कार पाठशाला की टीम जिसमें सरोज मूंदड़ा, सरोज बागड़ी, वसुधा लड्ढा एवं स्वाति डागा को आयोजन हेतु की गई सराहनीय पहल के लिए आशीर्वचन दिए।

माहेश्वरी महिला मंडल अध्यक्ष दीपा बागड़ी, जिला अध्यक्ष विनीता डागा, सचिव अनीता चितलांगिया, उपाध्यक्ष वर्षा डागा, सहसचिव सरिता डागा एवं सांस्कृतिक मंत्री रूपाली गांधी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

# 80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता 2024 संपन्न






- नगरवासियों ने महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता की परंपरा को वर्षों से सहेज कर रखा - खेल मंत्री टंकराम वर्मा
- अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम फिर से एक नये स्वरूप में आएगा
- राजनांदगांव की हॉकी की नर्सरी के रूप में बनी एक अलग पहचान

राजनांदगांव (दावा)। राजस्व एवं आपदा, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा आज अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में आयोजित 80वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता 2024 के समापन समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने इस ऐतिहासिक आयोजन के लिए सभी को बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव वासियों ने महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता की परंपरा को वर्षों से सहेज कर रखा है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के प्रयासों से यह अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम जिलेवासियों को सौगात मिली है। राजनांदगांव जिला हॉकी और झांकी के लिए प्रसिद्ध है तथा जिले की हॉकी की नर्सरी के रूप में एक अलग पहचान बनी है। शिक्षा के साथ ही संस्कार जरूरी है। संस्कारधानी राजनांदगांव में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम फिर से एक अलग नये स्वरूप में आएगा। यहां फ्लड लाईट, एस्ट्रोटर्फ एवं खेल संबंधी अन्य सुविधाएं खिलाडियों को मिलेगी। छत्तीसगढ़ सरकार डबल इंजन की सरकार है। केन्द्र शासन की खेलो इंडिया योजना को प्रदेश में क्रियान्वित किया जा रहा है। प्रदेश की खेल प्रतिभा को आगे बढ़ाने एवं निखारने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है।

पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने कहा कि राजनांदगांव वासियों की इच्छाशक्ति से महंत राजा सर्वेश्वरदास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन हर वर्ष किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम को एस्ट्रोटर्फ युक्त करने के साथ ही अन्य खेल सुविधाएं भी प्रदान की गई। जनसहयोग, खेल विभाग, राजगामी संपदा न्यास, शासन-प्रशासन के सहयोग से राजनांदगांव में सफलतापूर्वक यह आयोजन किया जाता रहा है। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कहा कि संस्कारधानी में 80 वर्ष की उपलब्धियां रही हैं और कई पीढियां इस ऐतिहासिक आयोजन के साक्षी बनी है। राजनांदगांव वासियों ने दिल से इस आयोजन को संजोया है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के प्रयासों से अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम की स्थापना जिले में की गई है, लेकिन समय के साथ यहां बदलाव की जरूरत है। खेल मंत्री टंकराम वर्मा के माध्यम से एस्ट्रोटर्फ एवं अन्य खेल सुविधाएं जिले को मिलती रहेंगी। यहां के हॉकी और झांकी की गूंज हमेशा बनी रहेगी।

इस अवसर पर प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण करते हुए अतिथियों ने विजेता टीम को आयोजन समिति द्वारा विशाल चांदी की ट्रॉफी एवं छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के पूर्व अध्यक्ष बल्देव सिंह भाटिया द्वारा प्रदत्त 5 लाख रूपए, आयोजन समिति द्वारा उपविजेता टीम को विशाल चांदी की ट्रॉफी एवं समाजसेवी बहादुर अली द्वारा प्रदत्त 3 लाख रूपए, तृतीय स्थान प्राप्त टीम आर्मी इलेवन सी.एन. तिवारी ट्रॉफी एवं रमेश नरेश डाकलिया द्वारा प्रदत्त 51 हजार रूपए और चौथा पुरस्कार सेल अकादमी को अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे द्वारा प्रदत्त ट्रॉफी एवं 21 हजार रूपए प्रदान किया गए। प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार एयर फोर्स के पी.ई पोन्नना को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा प्रदत्त आकर्षक ट्रॉफी एवं 5 हजार रूपए, राजेश जैन द्वारा प्रदत्त मेन ऑफ द मैच एवं मेन ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार दिया गया। स्पर्धा के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी तरूण यादव सेल अकादमी को मनीष कमलेश गौतम द्वारा आकर्षक ट्रॉफी एवं 11 हजार रूपए, स्पर्धा की विजेता उपविपजेता व तीसरे स्थान आई टीम को भिलाई के वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी अनूप श्रीवास्तव द्वारा विशाल आकर्षक कप प्रदान किया गया। इस अवसर पर निर्णायकों को भी पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर खूबचंद पारख, संतोष अग्रवाल, रमेश पटेल, सुरेश एच.लाल, राजेश गोलछा, दिनेश गांधी, नरेश डाकलिया, विनोद खाण्डेकर, किशुन यदु, अजीत जैन, तरूण लहरवानी, हर्ष रामटेके, बहादुर अली, अंजुम अल्वी, बल्देव सिंह भाटिया, छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, पूर्व अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, पूर्व ओलम्पियन श्रीमती रेणुका यादव, कलेक्टर व आयोजन समिति के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, एसडीएम राजनांदगांव अरूण वर्मा, संयुक्त कलेक्टर व प्रभारी अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं देश के कोने-कोने से पहुंचे हॉकी खिलाड़ी एवं उनके प्रशिक्षक, मीडिया प्रतिनिधि, बड़ी संख्या में खेल प्रेमी दर्शक उपस्थित थे।

## किसानों से दुर्व्यवहार, कलेक्टर से की गई शिकायत



**बम्हनी समिति प्रबंधक के खिलाफ जांच कर कार्यवाही की मांग**

छुरिया (दावा)। एक दिवसीय प्रवास पर छुरिया पहुंचे जिला कलेक्टर के समक्ष बम्हनी क्षेत्र के किसानों ने समिति प्रबंधक पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए जांच कर कार्यवाही की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा है।

मिली जानकारी अनुसार कृषि विभाग द्वारा क्षेत्र में मक्के की खेती को बढ़ावा देने के लिए जनपद सामुदायिक भवन में कार्यशाला का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में राजनांदगांव जिले के कलेक्टर संजय अग्रवाल भी मौजूद थे। जहां बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

कार्यक्रम समापन पश्चात बम्हनी क्षेत्र के किसान छबिलाल यादव, पतराम साहू, मोहन लाल साहू, शिवचरण दास, चन्द्रशेखर, रविन्द्र कुमार ने जिला कलेक्टर अग्रवाल को बताया कि ये सभी किसान आदिमजाति सेवा सहकारी समिति बम्हनी चारभांठा के कृषक है। समिति प्रबंधक दिनेश सिंह ठाकुर द्वारा हर समय कृषकों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है एवं खाद एवं बीज के लिए किसानों को बार-बार घुमाया जाता है। इसके अलावा ऋण प्रकरण के समय भी किसानों को परेशान किया जाता है। धान खरीदी के समय कृषकों को धान में नमी बताकर बार-बार परेशान किया जाता है।

समय रहते किसानों द्वारा धान खरीदी केन्द्र में धान पहुंचने पर भी उन्हें देर होने का हवाला देकर वापस बैरंग लौटा दिया जाता है जिससे कृषकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। जिसकी जांचकर उचित कार्यवाही करने की लिखित शिकायत जिला कलेक्टर से की है।

## रामलला के दर्शन के लिए राजनादगांव से भक्तों की ट्रेन अयोध्या रवाना



राजनांदगांव (दावा)। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद बीजेपी के नेतृत्व में देशभर से राम भक्त अयोध्या दर्शन हेतु जा रहे है, हर राज्य से अयोध्या के लिए विशेष रेलगाड़ियों का इंतजाम किया गया है। यात्रियों को अयोध्या लाने-ले जाने और वहां ठहरने आदि की व्यवस्था पार्टी द्वारा की जा रही है।

अयोध्या में 22 जनवरी को राममंदिर के उद्घाटन और रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के बाद भाजपा देशभर से रामभक्तों को अयोध्या की यात्रा करा रही है। इस कड़ी में दुर्ग से रामभक्तों की पहली ट्रेन बुधवार सुबह 12:20 अयोध्या के लिए रवाना हुई। राजनांदगाव से बसों के माध्यम से रामभक्तों को दुर्ग रेलवे स्टेशन भेजा गया। भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा प्रभारी कोमल सिंह राजपूत, रवि सिन्हा ने झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया। यह विशेष रेलगाड़ी दुर्ग रेलवे स्टेशन से अयोध्या के लिए रवाना हुई है।

राम मंदिर निर्माण की खुशी में भाजपा पूरे देश से रामभक्तों को अयोध्या की यात्रा करवा रही है, बीजेपी द्वारा रामभक्तों के लिए हर जिले से विशेष रेलगाड़ियां चलाई जा रही है। राम मंदिर दर्शन के लिए जाने वाले सभी लोग बहुत खुश हैं और सभी इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दे रहे हैं, रेल मंत्रालय का आभार व्यक्त कर रहे हैं।

यात्रा के प्रभारी रवि सिन्हा ने कहा कि ट्रेन से अयोध्या राम मंदिर दर्शन के लिए जाने वाले रामभक्तों में अधिकांश लोग राजनांदगाव लोकसभा क्षेत्र से हैं, हर विधानसभा क्षेत्र से एक ट्रेन चलाई जा रही है, इसके लिए हर स्थान से लोगों का रजिस्ट्रेशन कराया जा रहा है।

## महतारी वंदन योजना महिला उत्थान की दिशा में सार्थक कदम - मोरध्वज देवांगन

**कहा-एसटी, एससी और ओबीसी वर्ग सबसे ज्यादा होगा लाभान्वित**



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के युवा नेता मोरध्वज देवांगन ने अपने एक जारी बयान में कहा कि डबल इंजन की सरकार द्वारा लाई गई महतारी वंदन योजना महिला उत्थान की दिशा में सार्थक कदम है। इस योजना से विशेष तौर से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग लाभान्वित होगा। पात्र महिलाओं को हर महीना 1000 रुपये के हिसाब से 12000 रुपये 1 मार्च से जो मिलेगा। उससे महिलाओं के छोटे-मोटे खर्च आसानी से निपट जाया करेंगे। यह राशि अगर कोई महिला अपने खाते में एकमुश्त जमा करके रखती है तो यह राशि 5 साल में 60000 हो जाएगी हो जाएगी और यदि इसी 60000 को फिक्स डिपॉजिट या सावधि जमा योजना के तहत किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में जमा करेंगे। तो यही राशि 8-10 साल में दुगनी हो सकती है। दुगनी अर्थात 120000 जो किसी बड़े भी काम आ सकती है। राशि का उपयोग उन्हें कैसे करना है यह उनके मर्जी की बात होगी। लेकिन इसी को दूर दृष्टि रखकर दीर्घ अवधि के लिए जमा की जाए तो इसके बड़े फायदे हो सकते हैं। महतारी वंदन योजना के लिए फॉर्म भरे जाने का काम शुरू हो चुका है। जो ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत स्तर पर और शहरी क्षेत्र में नगरी निकाय स्तर पर भरे जा रहे हैं। महिलाओं के बीच मे बहुत उत्साह योजना को लेकर बना हुआ है श्री देवांगन ने अपील की कि जिले सहित प्रदेश की पात्र महिलाएं नियम शर्तों को पढ़ समझ कर अविलंब आवेदन करें। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की यह सोच महिला उत्थान करते हुए राष्ट्र को विकसित बनाने की दिशा में मिल का पत्थर साबित होगी।

## राष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षक के रूप शरद श्रीवास्तव का चयन



**एनसीपीसीआर के परीक्षा पर्व अभियान अन्तर्गत देंगे प्रशिक्षण**

राजनांदगाँव (दावा)। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य शरद श्रीवास्तव का चयन परीक्षा पर्व अभियान अन्तर्गत राष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षक के रूप में किया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' से प्रभावित होकर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा देशभर में छटवीं से बारहवीं विशेष कर बोर्ड परीक्षा देने वाले बच्चों में परीक्षा के दौरान आने वाले तनाव को दूर करने एग्जाम स्ट्रेस विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें शरद श्रीवास्तव को स्त्रोत व्यक्ति के रूप में चुना गया है।

विदित है कि शरद श्रीवास्तव छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग में सदस्य रह चुके हैं और विगत कई वर्षों से बाल कल्याण और संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य करते हुए प्रदेश में विभिन्न विषयों में विषय विशेषज्ञ व मोटिवेशनल स्पीकर के रूप में प्रशिक्षण देने का काम कर रहे हैं। श्री श्रीवास्तव के कार्य अनुभव और दक्षता के आधार पर राष्ट्रीय स्तर पर इनका चयन प्रशिक्षक के रूप में किया है। नगर के शरद श्रीवास्तव की इस उपलब्धि पर ईष्ट मित्रों ने बधाई दी है।

## स्वदेशी मेले का भूमिपूजन स्टेट हाईस्कूल में संपन्न



**16 से 22 फरवरी तक होगा आयोजन**

राजनंदगांव (दावा)। आत्मनिर्भर भारत के अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले स्वदेशी अभियान को सशक्त मंच प्रदान करने वाले भारतीय विपणन विकास केंद्र द्वारा आयोजित स्वदेशी मेले का आज स्टेट हाईस्कूल में शहर के प्रबुद्धजनों द्वारा विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ, बड़ी संख्या में शहर के विविध प्रबुद्ध जनों ने स्वदेशी मेले के भूमिपूजन अवसर पर शामिल होकर स्वदेशी उत्पादों को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने का वादा किया और इसे ज्यादा से ज्यादा प्रचारित करने का दृढ़ संकल्प भी किया। आज पूजा के अवसर पर प्रमुख यजमान के रूप में स्थानीय दैनिक दावा के प्रधान संपादक दीपक बुद्धदेव, राजा माखीजा, रवि सिन्हा एवं शरद सिन्हा सपत्नीक परिवार सहित पूजा पर बैठे। अनिल महाराज ने विधि-विधान से पूजा संपन्न कराई। स्वदेशी मेला, संस्कृति और परंपराओं की धरोहर तथा औद्योगीकरण की दौड़ में तेजी से आगे बढ़ रहे इस युग में स्वदेशी मेला आत्मनिर्भर भारत की बहुत बड़ी झांकी प्रस्तुत करता है, इसके माध्यम से न केवल स्वदेशी उत्पाद प्रचारित होते हैं बल्कि अच्छा खासा व्यापार भी होता है और इसके माध्यम से भारतीय संस्कृति, कला और व्यक्तिगत क्षमता का प्रदर्शन भी मेले में होता है।

स्वदेशी मेला के संयोजक सुब्रतो चाक्की ने बताया कि विगत 20 वर्षों से यह मेला भारतीय उत्पादकों, ग्रामीण, कुटीर, निजी सहकारी और सार्वजनिक क्षेत्र के उपकरण के लिए लाभकारी व्यापार उपक्रम के रूप में उभरा है। भारतीय विपणन विकास केंद्र द्वारा अपनी स्थापना के बाद से देश भर में आयोजित 328 से अधिक स्वदेशी मेलों में उद्यमिता, विकास, व्यापार एवं उद्योग से जुड़े विषयों पर सेमिनार आयोजित कर देश के विकास में एक अलग मुकाम हासिल किया है। उन्होंने बताया कि भारतीय उत्पादों में गुणवत्ता, विकास और उन्हें बेहतर चैन की सुविधा प्रदान करने के लिए स्वदेशी मेला बहुत सशक्त माध्यम बन चुका है। राजनांदगांव में आयोजित यह मेला 16 से 22 फरवरी तक स्टेट हाईस्कूल में चलेगा इसके संयोजक कोमल सिंह राजपूत और सह संयोजक राजा माखीजा एवं किशुन यदु बनाए गए हैं। मेले के भूमिपूजन अवसर पर सह संयोजक राजा माखीजा एवं किशुन यदु ने शहर के सभी घरेलू एवं स्वदेशी उत्पाद कर्ताओं से निवेदन किया कि इस मेले में स्टाल लगाकर अपने उत्पादकों का तेजी से विस्तार करें और स्वदेशी मेले का लाभ अवश्य लें,ताकि भारत आत्मनिर्भर बन सके।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा, जिला अध्यक्ष रमेश पटेल, सचिन बघेल, किशुन यदु, शिव वर्मा, कमल सोनी सहित समाज के वरिष्ठ नागरिक कृष्ण कुमार द्विवेदी, डी सी जैन, प्रकाश सांखला, राकेश ठाकुर, राजकुमार शर्मा, भागचंद गिडिया, राजेश गुप्ता अग्रहरि, राजेश खांडेकर, सुनील बाजपेई, भीष्म देवांगन, जसराज राठौर, रघुवीर वाधवा, शोभा चोपड़ा, साधना तिवारी, अर्चनादास, सुधा पवार, मोना गोसाई सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थिति थी, कार्यक्रम में सीबीएमडी के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## ट्रक चालक के साथ मारपीट करने वाले धरे गए



राजनांदगांव (दावा)। बुधवार की सुबह ग्यारह बजे के करीब राजनांदगांव में माल भरकर हैदराबाद जा रहे ट्रक चालक के साथ मोहारा बायपास रोड पर कुछ युवकों ने मारपीट कर दी।

इस पर बसंतपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों को धर दबोचा और उन्हें जेल दाखिल कर दिया। आरोपियों के नाम मनोज साहू पिता स्व मूलचंद साहू उम्र 27 वर्ष, निलेश सिन्हा पिता जयकुमार सिन्हा उम्र 20 वर्ष दोनों निवासी डबरीपारा वार्ड क्रमांक 39 कुआ नंदई चौक बताया जाता है।

## महतारी वंदन योजना अंतर्गत फार्म भरने के लिए महिलाओं में खुशी एवं उत्साह

- कलेक्टर ने छुरिया विकासखंड के ग्राम घोघरे एवं नगर पंचायत छुरिया के आंगनबाड़ी केन्द्र पहुंचकर महतारी वंदन योजना अंतर्गत भरे जा रहे आवेदन पत्र की स्थिति का लिया जायजा
- महिलाओं ने महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए आज 25 हजार 832 फार्म भरे, अब तक कुल 58 हजार 568 आवेदन जमा किए गए



राजनांदगांव (दावा)। जिले में महतारी वंदन योजना अंतर्गत फार्म भरने के लिए महिलाओं में खुशी एवं उत्साह है। शासन की योजना के प्रति जागरूकता की यह बानगी प्रेरक है। इसी कड़ी में कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज छुरिया विकासखंड के ग्राम घोघरे एवं नगर पंचायत छुरिया के आंगनबाड़ी केन्द्र पहुंचकर महतारी वंदन योजना अंतर्गत भरे जा रहे आवेदन पत्र की स्थिति का जायजा लेने पहुंचे।

कलेक्टर ने कहा कि महतारी वंदन योजना शासन की महत्वपूर्ण योजना है। जिसके माध्यम से शासन द्वारा महिलाओं को आर्थिक दृष्टिकोण से मजबूत बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने महिलाओं से कहा कि महतारी वंदन योजना अंतर्गत प्राप्त राशि का उपयोग अपने स्वास्थ्य, पोषण और सशक्तिकरण के लिए करें। उन्होंने सभी महिलाओं को स्वसहायता समूह के माध्यम से आर्थिक गतिविधियों से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में महतारी वंदन योजना के फार्म भरवाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। महिलाओं ने इस योजना का लाभ लेने के लिए आज 25 हजार 832 फार्म भरे हैं। अब तक कुल 58 हजार 568 आवेदन जमा किए गए हैं।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को आंगनबाड़ी केन्द्रों में पर्याप्त संख्या में फार्म रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में फार्म भरने में महिलाओं को दिक्कत नहीं होनी चाहिए। वार्ड एवं ग्राम पंचायतों में पर्याप्त फार्म होना चाहिए। महिलाओं को फार्म भरने में मार्गदर्शन दें एवं इसके लिए आवश्यक दस्तावेज के संबंध में जानकारी प्रदान करें। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती गुरप्रीत कौर, सीईओ एस.के. ओझा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में आर्थिक स्वावलंबन, उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार, परिवार के निर्णयों में उनकी भूमिका सुदृढ़ करने के उद्देश्य से महतारी वंदन योजना की शुरूआत की गई है। योजना के तहत पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रूपए की राशि डीबीटी के माध्यम से प्रदान की जाएगी। योजनांतर्गत आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी हैं और पात्र महिला हितग्राही को राशि का अंतरण 8 मार्च को किया जाएगा।

## मक्का का खेती किसानों के लिए लाभदायक - कलेक्टर



छुरिया (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कृषि विभाग का आज छुरिया मे मक्का विस्तार विषय पर जनपद समुदायिक भवन में कार्यशाला का आयोजन में जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल ने भारी सख्या मे पहुंचे क्षेत्र के कृषको से विस्तार से चर्चा की मंच से उन्होंने ग्राम खोभा के किसान गोपी कुजांम खिलावन नेटी व मनराखन श्याम से खेती के संबंध मे बहोत ही बारिकी से जानकारी लिया कलेक्टर अग्रवाल ने किसानों को संबंधित करते हुए कहा जब मक्का के खेती को सामोहीक रूप से उत्पादन करेगें तो इसका बाजार मे उचित मूल्य मिलेगा। इस मौके पर तहसीलदार कोठारी, जनपद सीईओ एस.के. ओझा, नपं सीएमओ सचिन गुप्ता छुरिया, टीआई शिव चंद्रा, कृषि विस्तार अधिकारी पेल, महिला बाल विकास अधिकारी श्री मरकाम व भारी सख्या मे क्षेत्र के किसान मौजूद रहे। जिला पंचायत सदस्य ललिता चंद्रवंशी ने कहा कि क्षेत्र में किसान धान का फसल बोते है क्योंकि शासन इसका उचित मूल्य पर खरीदी करता है अगर किसानों का मक्का का उचित दाम मिलेगा तो किसान निश्चित रूप से इसका फसल बोएंगे।






स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुदक्र दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com